卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 275 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦16 जुलाई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in


## आतंकियों से मुठभेड़ में कैप्टन सहित चार जवान शहीद

जम्मू (उद संवाददाता)। जम्मू संभाग के जिला डोडा के देसा वन क्षेत्र में सोमवार देर रात आतंकियों के साथ मुठभेड़ में कैप्टन सहित चार जवान शहीद हो गये। सूत्रों के अनुसार, मुठभेड़ के दौरान सैन्य अधिकारी समेत चार सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। घायलों की गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान बहादुर पांच जवानों ने दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने बताया मुठभेड़ तब शुरू हुई जब राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह के जवानों ने शाम करीब 7.45 बजे देसा वन क्षेत्र के धारी गोटे उरारबागी में संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, विशिष्ट खुफिया सूचनाओं के आधार पर सेना और पुलिस की ओर से डोडा के उत्तर में सामान्य क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान जारी था। रात लगभग 9 बजे आतंकियों से संपर्क स्थापित हुआ, जिसके बाद भारी गोलीबारी हुई। इस मुठभेड़ में कैप्टन बृजेश थापा, नायक डी राजेश, सिपाही बिजेंद्र,सिपाही (शेष पृष्ठ 7 पर)



## मकान पर चट्टान गिरने से एक श्रमिक की मौत,दूसरा गंभीर

बदरीनाथ (उद संवाददाता)। बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर मारवाड़ी पुल के पास देर रात बड़ा हादसा हो गया। भारी बारिश की वजह से मजदूरों के मकान के ऊपर चट्टान टूट गयी । जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है मौके पर रात को ही पुलिस प्रशासन एसडीआरएफ की टीम में राहत बचाव कार्य किया। जानकारी के असार देर रात करीब 2:30 बजे, पुलिस कोतवाली जोशीमठ द्वारा एसडीआरएफ टीम को सूचित किया गया कि दो व्यक्ति मारवाड़ी पुल के पास मलबे में दबे हुए हैं और रेस्क्यू के लिए सहायता की आवश्यकता है। सूचना प्राप्त होते ही, उप निरीक्षक विनीत देवरानी की अगुवाई में एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम आवश्यक उपकरणों के साथ तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हुई। घटनास्थल पर पहुंचने पर एसडीआरएफ की टीम ने बिना समय गंवाए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। टीम जब मौके पर पहुंची तो पाया कि एक मजदूर का अधिकांश हिस्सा मलबे के नीचे दबा हुआ है, जबकि केवल सिर ऊपर दिखाई दे (शेष पृष्ठ सात पर)



## हरेला पर्व पर पर्यावरण संरक्षण के लिए उठे हाथ

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। हरेला महापर्व पर कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी उदय राज सिंह व किच्छा विधायक





तिलक राज बेहड़ व अधिकारियों ने पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने कैम्प कार्यालय में पौधारोपण किया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 मन्जुनाथ टीसी ने पुलिस कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया, विकास भवन में परियोजना निदेशक अजय सिंह, डीडीओ सुशील मोहन डोभाल द्वारा व जिला कोषागार में मुख्य कोषाधिकारी पंकज कुमार शुक्ल द्वारा पौधारोपण किया गया। इसी तरह तहसील व ब्लॉक परिसरों के साथ ही अधिकारियों द्वारा अपने-अपने परिसरों में पौधरोपण किया। कार्यक्रम मे सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने सभी को लोकपर्व हरेला की बधाई देते हुए कहा कि हरेला हरियाली व खुशहाली का त्यौहार है पौधारोपण के साथ ही उसकी सुरक्षा अति आवश्यक है। उन्होने जनमानस का अवाहान करते हुए कहा कि पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे व सभी लोगों से कहा कि एक पेड़ मां के नाम अवश्यक लगायें। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार सभी सरकारी, गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होने कहा कि हर वर्ष हरेला पर्व पर पौधारोपण किया जाता है इसलिए सभी अधिकारी अगले वर्ष की तैयारियां अभी से करें व उद्यान विभाग एवं वन विभाग अभी से (शेष पृष्ठ सात पर)

## आभूषण बनाने एवं रिपेयरिंग के नाम पर 26 लाख का सोना हड़पा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर के एक प्रतिष्ठित ज्वैलर्स शोरूम के मालिक को धोखा देकर आभूषण बनाने एवं रिपेयरिंग करने के नाम पर एक व्यक्ति द्वारा करीब 26 लाख रूपये कीमत का सोना हड़प लिया गया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में बंसल ज्वैलर्स के मैनेजर अमरजीत सिंह पुत्र साबेग सिंह ने शेख मैनुर इस्लाम पुत्र इस्लाम शेख निवासी पत्तरी बाग आरहर बाजार, देहरादून हाल निवासी अरोरा हार्डवेयर एंड एग्रीकल्चर, भगत सिंह चौक रूद्रपुर पर आरोप लगाते हुए कहा है कि फरवरी 2023 में मैनूर ने फर्म में सोने व हीरे के आभूषण बनाने एवं रिपेयरिंग के कार्य हेतु संपर्क किया । जिस पर वर्ष 2023 से उक्त मैनुर से सोने एव हीरे के आभूषण बनवाने एवं रिपेयरिंग का काम नियमित रूप से कराया जा रहा था। फर्म द्वारा 1 अप्रैल 2024 से 7 जून तक लाखों रूपये कीमत का सोना सामान बनवाने एवं रिपेयरिंग के लिए दिया गयां 12 जून को जब उसने शेख मैनुर से अपना दिया गया रिपेयर का सामान और ऑर्डर का सामान वापस लाने के लिए फोन पर संपर्क किया गया तो उसका फोन बंद आया। जब उसके मकान पर गया तो यहां तालाबंद पाया गया। शहर में अन्य ज्वेलर्स से जानकारी करने पर पता चला कि उक्त मैनुर इस्लाम अन्य दुकानदारो सहित प्रार्थी फर्म का सोना कुल बजन 415 ग्राम 200 मिली, कीमत 25,64,940 रूपए है को लेकर कहीं चला गया है । पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आपदा के धन का दुरुपयोग नहीं किया जाएगा बर्दाश्त: धामी

खटीमा (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से देहरादून स्थित उनके कार्यालय पर मुलाकात की। धामी से भेंट कर उनके द्वारा खटीमा में आई बाढ़ आपदा के लिए स्वीकृत की गई लगभग 20 करोड़ की सहायता राशि के लिए धन्यवाद प्रकट किया । मुख्यमंत्री धामी ने प्रतिनिधि मंडल को बताया कि बाढ़ पीड़ित प्रत्येक परिवार को ईमानदारी से 5000 रूपए राशि उपलब्ध हो जिसके लिए उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दे दिए हैं। बाढ़ सहायता राशि में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि बाढ़ सहायता राशि केवल उन्हीं



लोगों को उपलब्ध की जाए जिन स्थानों पर बाढ़ आई है और जो इस आपदा में प्रभावित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शीघ्र ही बाढ़ पीड़ित व्यापारियों के लिए भी कोई ठोस निर्णय लिया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में सभी लोगों को साथ मिलकर दलगत भावना से ऊपर उठकर आपदा में प्रभावित लोगों का साथ देना चाहिए। उन्होंने कहा बाढ़ आपदा में किसी भी प्रकार की राजनीति करने से बचें। बाढ़ आपदा के धन का दुरुपयोग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल (शेष पृष्ठ सात पर)

## दो भाईयों को मारपीट कर किया घायल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस कुछ युवकों ने दो भाईयों से मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। चौरासी घंटा मंदिर रम्पुरा वार्ड 22 निवासी शांति पत्नी देवकी प्रसाद ने बताया कि उसके पुत्र राहुल के साथ एक युवक की कहासुनी हो गयी थी। जिसके बाद बात वहीं खत्म हो गयी और दोनो अपने अपने घर चले गए। 15 जुलाई को जब उसका पुत्र राहुल अपने घर जा रहा था। तब उक्त युवक ने अपने साथियों के साथ उसके पुत्र को रम्पुरा में घेर लिया और उसे बुरी तरह से मारा पीटा। जिसके बाद (शेष पृष्ठ सात पर)

## संदिग्ध हालातों में रेलवे ट्रैक पर युवती का शव बरामद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हाथीखाना किच्छा में रेल पटरी पर संदिग्ध अवस्था में एक युवती का शव पाये जाने से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। मौके पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। जानकारी मिलते ही पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। बताया जाता है कि प्रातः क्षेत्र के कुछ लोग पटरी किनारे टहल रहे थे इसी दौरान उन्होंने पटरी पर लगभग 25 वर्षीय युवती का शव पड़ा देखा। शव पाये जाने की खबर फैलते ही क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वहां खड़े लोगों से आवश्यक जानकारी ली और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम कें लिए भिजवाया। पुलिस ने बताया कि युवती के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। इस सन्दर्भ में आसपास के थानों को सूचित कर दिया गया है। युवती का शव मिलने के बाद से क्षेत्र में कई चर्चाएं जोरों पर हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।


**आवश्यकता है**

समाचार पत्र में मार्केटिंग हेतु युवक/युवती की अनुभवी को वरीयता

सम्पर्क करे- 9897427586


## ब्याज सहित रकम अदा करने के बाद भी सूदखोर मांग रहा 15 लाख

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सात वर्ष पूर्व उधार लिए गए 50 हजार रुपए ब्याज सहित 80 हजार रुपए चुका देने के बाद भी साहूकार द्वारा गिरवी में रखे गए दो चेकों को वापस लौटने के एवज में 15 लाख रुपए मांगे जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित व्यक्ति ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। दिनेशपुर वार्ड 9 निवासी प्रकाश सरकार पुत्र विमल चंद्र ने दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उसने 4 मार्च 2017 को पिताजी के ईलाज के लिये 50 हजार रूपये एनईएफटी के माध्यम से साहूकार से बतौर ब्याज सहित उधार लिये थे तथा गारन्टी के तौर पर साहूकार ने उससे दो चौक हस्ताक्षर करवाकर लिये थे तथा आश्वासन दिया था कि जब रकम मय व्याज वापस प्राप्त हो जायेगी तो दोनों चौक वापस कर दूगा। (शेष पृष्ठ सात पर)

## विवाहिता की मौत के मामले में पति पर हत्या का केस दर्ज

नानकमत्ता( उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र के ग्राम विचुवा के ग्रामीण ने अपनी विवाहिता पुत्री की प्रताणित कर हत्या का आरोप लगाते हुयें ने दामाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपो की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में ग्राम विचुवा निवासी स्वर्ण सिंह पुत्र अवतार सिंह ने आरोप लगाया है कि उसने अपनी पुत्री मंजीत कौर की शादी सर्वजीत सिंह ऊर्फ सोनू पुत्र स्व0 जगीर सिंह निवासी ग्राम टुकड़ी के साथ की थी। शादी के एक वर्ष बाद दामाद पुत्री मंजीत कौर से नगदी लाने की मांग करता था, दहेज में दी गई मोटरसाईकिल भी तोड़ दी। कई बार समझाने के बाद भी दामाद अपनी हरकतों से बाज नही आया। पिता ने बताया कि 11 जुलाई कों दामाद और उसकी मां ने (शेष पृष्ठ सात पर)


**आवश्यकता है**

रूद्रपुर में शाम का अखबार बांटने के लिये युवकों की।

सम्पर्क करे- 9897427586

# जलविद्युत परियोजनाओं को दी जाए मंजूरी : धामी

## मुख्यमंत्री धामी ने केन्द्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ की उच्चस्तरीय बैठक राज्य की बेस लोड विद्युत आवश्यकताओं की आपूर्ति हेतु 600 मेगावाट का अतिरिक्त आवंटन की मांग



देहरादून(उद संवाददाता)। केन्द्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर एवं मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में राज्य की ऊर्जा एवं नगर विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में भारत सरकार के ऊर्जा एवं नगर विकास के उच्चाधिकारियों के साथ मुख्य सचिव सहित राज्य के संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री को प्रदेश की ऊर्जा जरूरतों से अवगत कराते हुए कहा कि 2123 मेगावाट क्षमता की अलकनंदा एवं भागीरथी तथा उनकी सहायक नदियों पर विशेषज्ञ समिति द्वारा 21 जल विद्युत परियोजनाओं पर संस्तुति प्रदान की गई है। जिसमें 771 मेगावाट की 11 परियोजनाओं पर किसी भी संस्था द्वारा कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है तथा कुल 1352 मेगावाट क्षमता की 10 जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण हेतु विशेषज्ञ समिति-2 द्वारा संस्तुति प्रदान की गई है, उन्होंने इस परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु सकारात्मक निर्णय लिये जाने के साथ अनुमोदन प्रदान किये जाने की अपेक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जल विद्युत उत्पादन क्षमता का 40 प्रतिशत ही उपयोग किया जा रहा है। राज्य को कुल चिन्हित 45 जल विद्युत परियोजनाओं में से पर्यावरण के दृष्टिगत 24 परियोजनाएं छोड़ दी गई है। जबकि 21 परियोजनाओं के लिये समिति द्वारा संस्तुति दी जा चुकी है। केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि इस संबंध में शीघ्र ही दिल्ली में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में ऊर्जा एवं जल शक्ति मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की जायेगी। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री से यह भी अपेक्षा की कि राज्य की वर्तमान एवं दीर्घकालिक बेस लोड विद्युत आवश्यकताओं की आपूर्ति को सुनिश्चित किये जाने के दृष्टिगत 1320 मे०वा० क्षमता के कोल आधारित विद्युत परियोजना के निर्माण हेतु कोल लिंकेज का त्वरित आवंटन किया जाना भी राज्य हित में होगा। साथ ही कोल आधारित परियोजनाओं से राज्य की बेस लोड विद्युत आवश्यकताओं की आपूर्ति हेतु 600 मेगावाट का अतिरिक्त आवंटन किये जाने की भी बात मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री के समक्ष रखी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य में प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त हुई विद्युत संरचनाओं के मुआवजे हेतु प्रचलित मापदण्डों के स्थान पर विद्युत संरचनाओं के पुर्ननिर्माण में हुए वास्तविक व्यय की प्रतिपूर्ति किये जाने का भी अनुरोध किया। केन्द्रीय मंत्री द्वारा बैठक में निर्देश दिये गये कि राज्य की ऊर्जा जरूरतों एवं इस क्षेत्र में सुधार से संबंधित प्रस्तावों के साथ शहरी विकास से संबंधित प्रस्तावों को केन्द्र सरकार को प्रेषित किया जाय। उन्होंने मुख्यमंत्री को राज्य हित से जुड़े सभी विषयों पर त्वरित कार्यवाही का भी आश्वासन दिया। इससे पूर्व मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूडी एवं अपर मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन के साथ शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार के अपर सचिव सुश्री डी.तारा, श्री एस. पी.सिंह तथा संयुक्त सचिव ऊर्जा मंत्रालय श्री शशांक मिश्रा एवं श्री अफजाल, सचिव ऊर्जा श्री आर. मीनाक्षी.सुन्दरम, सचिव श्री चन्द्रेश यादव, अपर सचिव श्री नितिन भदौरिया के साथ हुई बैठक में भी राज्य से संबंधित योजनाओं पर आपसी चर्चा की गई।

# हरेला पर्व पर जगह जगह आयोजित हुए पौधरोपण कार्यक्रम

## उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र ने सिरौली कला में किया वृक्षारोपण

किच्छा(उद संवाददाता)। हरेला पर्व पर नगर में शासन प्रशासन एवं सामाजिक संगठनों द्वारा वृद्ध वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर सैकड़ो छायादार और फलदार पौधों का रोपण कर क्षेत्र को हरा भरा बनाने का संकल्प लिया गया । उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र द्वारा सिरौली कला में स्थित सरकारी भूमि पर साफ सफाई करवा कर पौधारोपण का शुभारंभ किया गया। यहां पर वृक्षारोपण में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह द्वारा की गई व्यवस्था के तहत संपन्न हुआ। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण को संतुलित करने के लिए वृक्षारोपण करना नितांत आवश्यक है उन्होंने कहा कि उत्तराखंड का लोक पर्व हरेला पर्यावरण को संतुलित करने का एक त्यौहार है जिसे उत्तराखंड में हर्षो उल्लास के साथ मनाया जाता है।सिरौली में वृक्षारोपण के दौरान अल्तमस मलिक मिसवाद्दीन, अतीक अहमद, नाजिम मलिकमोहम्मद अहमद, केसर अली, जाकिर मलिक, अथर मलिक ,मोबिन मलिक मौजूद थे। समाजसेवी एवं भाजपा नेता संजीव सिंह द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र खुरपिया ग्राम किशनपुर, पंतपुरा, में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता संजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा चलाए जा रहे अभियान एक पौधा मां के नाम के साथ-साथ हरियाली एवं खुशहाली का प्रतीक हरेला पर्व पर वृहद वृक्षारोपण कर प्रकृति को बचाने एवं पर्यावरण को संतुलन करने का अभियान चलाया जा रहा है। ग्राम क्षेत्र में वृक्षारोपण करने वालों में मुख्य रूप से योगेंद्र कश्यप, देवेंद्र कुमार शर्मा, मनोज गुप्ता, संदीप सिंह, कमलेश दुबे, विशाल चौहान, सुशील तिवारी, दर्शन सिंह हिंदुस्तानी, धनंजय मोहन कोहली, जीतू वीर, सुमित्रा सक्सेना, रितेश कुमार सिंह, संजय यादव, रामप्यारी सहित दर्जनोंग्रामीण उपस्थित थे। उधर नवीन मंडी स्थल में व्यापार मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष राजकुमार बजाज द्वारा भी वृक्षारोपण कर हरेला पर्व पर समस्त जनता को शुभकामनाएं देते हुए कहा गया कि हरेला पर्व मात्र एक लोक पर्व नहीं है बल्कि प्रकृति के साथ मानव का तालमेल बनाने का एक साधन है । यह पर्व पर्यावरण की देखभाल के प्रति जागरूक करता है। आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध और स्वस्थ वातावरण देने के लिए पर्यावरण संरक्षण बेहद आवश्यक है। ग्लोबल वॉर्मिंग गंभीर समस्या है, हरेला पर्व इसके प्रभावों को कम करने का भी संदेश देता है। उन्होंने कहा कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। इस दौरान गल्ला आढ़त एसोशिएशन अध्यक्ष नरेन्द्र कनौडिया, आकाश मदान, मनोज गांधी, सतीश अरोरा, पृथ्वीपाल सिंह, किशन कुमार राठौर, अंकित पाल सिंह, केतल कालड़ा, नरेन्द्र बागवानी, तेजपाल सिंह बाठला, ललित सिंधी सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

## दो हजार फलदार पौधे नि:शुल्क वितरित

किच्छा।पर्यावरण को समर्पित उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक परम्परा का प्रतीक "हरेला लोकपर्व" के उपलक्ष्य में उद्यान विभाग द्वारा 2000 फलदार पौधों का नि: शुल्क वितरण किया। कार्यक्रम में आम्रपाली आम के फलदार पौधों का वितरण किया गया। इस दौरान उद्यान केन्द्र के प्रभारी श्री बादल पाण्डे ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को इस जलवायु



परिवर्तन से होने वाले दुष्प्रभाव झेलने पड़ेंगे। उन्होने कहा कि जो वृक्ष हम सब लगाते है उसे देखें कि अगले वर्ष वह कितना बढ़ा है। कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार द्वारा हरेला पर्व पर पूरे राज्य में 02 करोड़ से अधिक पौधों का वृक्षारोपण का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान उद्यान विभाग के शम्भू कुमार, विमला कोरंगा आदिथे।







## शहीद ए आजम कॉन्फ्रेंस का आयोजन

गदरपुर (उद संवाददाता)।रविवार की रात बाद नमाज-ए-ईशा जामा मस्जिद वार्ड न. 10 आजादनगर में नौजवानों रजा कमेटी अध्यक्ष युवा सामाजिक कार्यकर्ता अकील रजा के नेतृव में मुहर्रम के मौके पर एक शहीद-ए-आजम कॉन्फ्रेंस का आगाज किया गया। जिसकी सदारत जामा मस्जिद के शाही कघरी जाने आलम और निजामत मौलाना फारूक रजा ने की। जलसे के दौरान रामनगर से तशरीफ लाए मुफ्ती गुलामे मुस्तफा नईमी ने कहा कि शहीद इमाम हुसैन रजिअल्लाहु तआला ने अपने नानाजान



प्यारे नबी मुहम्मद साहब के दीन इस्लाम को बचाने के लिए अपनी 72 साथियों के साथ करबला के मैदान में अपनी शहादत देकर यह पैगाम दिया कि सिर कटा सकते हैं लेकिन सिर झुका सकते नहीं, वही मुफ्ती जनाबे आलम साहब ने अपनी तकघ्रीर के दौरान लोगों से नवासा-ए-रसूल शहीद इमाम हसन हुसैन के बताये हुए सच्चे रास्तों पर चलते हुए नमाजों का पाबंद होने की गुजारिश की। इस दौरान मुफ्ती अजहरुद्दीन, कघरी मुबारक, कघरी मुराद अली, हाफिज मो. रफी, हाफिज महबूब अली, मो. आलम, तारीक खाान, मुजफ्फर अली, राशिद अली, फरमान शैखघ, अंजार हुसैन, शाहिद लाला, सलमान पाशा, नाजिम पाशा, हैदर अली, एजाज पाशा, फहद पाशा, फैजी शैखघ, अरशु पाशा, मोईद शैख, अयान मंसूरी, फैजी पाशा आदि मौजूद थे ।

## उड़खुली में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 50 पौधे रोपे

गरुड़(उद संवाददाता)। राजकीय आदर्श जूनियर हाईस्कूल उड़खुली में वृहद पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस मौके पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विभिन्न प्रजाति के पचास पौधे रोपे गए और शपथ ली गई। विद्यालय के छात्र-छात्राओं, अभिभावकों व शिक्षकों ने ग्राम प्रधान राजन राम के नेतृत्व में वृहद पौधारोपण अभियान चलाया। विद्यालय के पास वन पंचायत की भूमि में आम, नींबू, माल्टा, अमरूद, अनार, आंवला के साथ-साथ



देवदार, बुरांश, काफल, अकेसिया, जकरैन्डा, मणिपुरी बांज समेत विभिन्न प्रजाति के पचास पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर शिक्षक उमेश जोशी ने कहा कि पौधे आपदाओं को रोकने में भी सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वे रोपित पौधों का अपने बच्चों की तरह संरक्षण करें और अपनी मां के नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाएं। इस दौरान एसएमसी अध्यक्ष महेश चंद्र, प्रधानाध्यापक शंकर लाल टम्टा, शिक्षक उमेश चंद्र जोशी, दीप चंद्र कोहली, निर्मला आर्या आदि मौजूद थे।

## लकी ड्रॉ में ग्राहकों ने जीते ईनाम

गदरपुर/ रुद्रपुर (उद संवाददाता)।प्रेस क्लब अध्यक्ष जयकिशन अरोरा ने बेस्ट बाय मार्ट की द्वितीय वर्षगाठ पर लक्की ड्रा का आयोजन किया।रुद्रपुर सिविल लाइन स्थित बेस्ट बाय मार्ट के शोरूम पर हल्द्वानी गदरपुर व रुद्रपुर के ग्राहकों द्वारा की गई खरीददारी के बाद दिए गए कूपन से पांच लक्की ड्रा निकाले गये जिसमें प्रथम इनाम के रूप में साइकिल,द्वितीय इनाम में लगेज बैग तृतीय ग्लेन



ओटीजी,चतुर्थ नॉन स्टिक पांच पीस व पांचवे इनाम के रूप में 15 लीटर का वाटर कूलर दिया गया। पांचों इनाम हल्द्वानी के ग्राहकों के निकले। लक्की ड्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बार एसोसिएशन की सचिव सुशीला मेहता ने आकर लक्की ड्रा का शुभारंभ किया। लक्की ड्रा जीतने वाले ग्राहकों में रेखा कार्की,सहज वीर, सी बी बिष्ट,रेणु देवी व सकूल अग्रवाल हल्द्वानी से शामिल रहे। इस दौरान बेस्ट बाय मार्ट की एम डी तृप्ति अरोरा ने सभी ग्राहकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रियंका पाहवा ने कहा बेस्ट बाय मार्ट वास्तव में बेस्ट है जहाँ घरेलू कार्यो में उपयोग होने वाली बहुत सी वस्तुएं एक छत के नीचे मिल जाती है ।

# डीपीएस में धूमधाम से मनाया गया हरेला पर्व

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रांगण में उत्तराखंड का लोकपर्व हरेला हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में आर. पी. शर्मा, डॉ एल. एम. उप्रेती, डॉ० अमिता उप्रेती तथा विद्यालय के अध्यक्ष सुरजीत सिंह ग्रोवर, प्रधानाचार्य चेतन चौहान, निदेशक महोदया ज्योत्सना पांडे आदि के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विभिन्न सदनों के विद्यार्थियों द्वारा पहाड़ी क्षेत्रों में विवाह, उत्सव तथा धार्मिक कार्यों में सामूहिक रूप से किए जाने वाले नृत्यों झोड़ा, छपेली, चाचरी, छोलिया का प्रस्तुतीकरण अपने - अपने सदनों के लिए किया गया। लोकगीतों की ताल पर दर्शक गण आनंदित हो उठे तथा विद्यालय का वातावरण उत्तराखंड के लोकगीतों से गूंज उठा। विद्यालय के अध्यक्ष सुरजीत सिंह ग्रोवर ने बच्चों को उत्तराखंड की संस्कृति के महत्व और उससे मिलने वाली शिक्षा के बारे में बताते हुए बच्चों को अपनी संस्कृति से जुड़े रहने के लिए प्रोत्साहित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।



# लोकपर्व 'हरेला' पर्यावरण संरक्षण की हमारी परंपरा का प्रतीक : धामी

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को उत्तराखंड के प्रमुख लोकपर्व 'हरेला' की शुभकामना देते हुए कहा कि यह पर्व उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक धरोहर और पर्यावरण संरक्षण की हमारी परंपरा का प्रतीक है। हरेला न केवल हरियाली और समृद्धि का संदेश देता है, बल्कि हमें पर्यावरण की देखभाल के प्रति जागरूक भी करता है। हरेला पर्व पर अपने घर आंगन या खेतों में एक पेड़ अवश्य लगाने की निरंतर चली आ रही परम्परा को आगे बढ़ाने में नई पीढ़ी भी पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे। मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें और पर्यावरण संरक्षण में अपना अहम योगदान दें। मुख्यमंत्री ने इस दिशा में जन सहभागिता को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी सामाजिक संगठनों और संस्थाओं से भी सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि



देवभूमि उत्तराखण्ड अपने धर्म, अध्यात्म और संस्कृति के लिए विख्यात है। यहां का प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता पर्यटकों को आकर्षित करती है। इसलिए, पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। हमें अपने जल स्रोतों, नदियों और गदेरों के पुनर्जीवन और संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास करने होंगे।

# अग्रसेन हॉस्पिटल में खुला सीआर मित्तल नेत्रदान केंद्र

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। महाराजा अग्रसेन ग्लोबल चौरिटेबल ट्रस्ट में आज सीआर मित्तल नेत्रदान केंद्र का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्धघाटन सावन संक्रांति को हवन कार्यक्रम आयोजित कर डॉक्टर एलघ्म उप्रेती नेत्रदान केंद्र निर्देशक और एसके मित्तल, चेयरमैन महाराजा अग्रसेन ग्लोबल चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। डा. मित्तल ने बताया कि देश में लगभग 25 लाख लोग अंधेपन के शिकार है। जिन में करीब 1 लाख 20 हजार लोग कार्निया के कारण अंधता के शिकार हैं। प्रति वर्ष 30 हजार की संख्या इसमें जुड़ जाती है। उन्होंने कहा कि नेत्रदान के प्रति जागरूकता का आभाव नेत्र बैंक की कमी, कॉर्निया प्रत्यारोपण का भाव इत्यादि कारण से इनका कॉर्निया प्रत्यारोपण नहीं हो पाता है। इन लोगो की अंधता कॉर्निया प्रत्यारोपण के माध्यम से दूर की जा सकती है। जिससे वे आम लोगो की तरह फिर से दुनिया देख सकते है। अब नेत्र दान के लिए रुद्रपुर वासियो को बाहर से टीम नहीं बुलानी पड़ेगी। राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी से सम्बंध यह नेत्रदान केंद्र अर्जुन आई बैंक हल्द्वानी को कॉर्निया उपलब्ध कराएगा। केंद्र पर अबेसक उपकरण एवं मानव संसाधन के लिए जाने और सभी जटिल प्रकियों के उपरांत उत्तराखंड शासन द्वारा संस्तुति के बाद केन्द्रीय महानिर्देशक चिकित्सा स्वस्थ परिवार कल्याण देहरादून में मान्यता मिल जाने के साथ ही यह प्रदेश का पहला नेत्र दान केंद्र खुल गया है। आयोजकों ने बताया कि केंद्र का दूरभाष 05944-297737 एवं मोबाइल नंबर 9760588885 है, जहां चौबीसों घण्टे संपर्क किया जा सकता है। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन ग्लोबल चौरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी अमित मित्तल, अमित सिंगल, आनद रुंगटा, अर्जुन गुप्ता, अशोक बंसल, बलराम अग्रवाल, ब्रजभूषण गोयल, देवी शंकर अग्रवाल, हरिशंकर अग्रवाल, गुरबाज सिंह, जयभगवान जैन, मांगेराम अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, प्रमोद मित्तल, प्रहलाद अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, राजेश मित्तल, राजेंद्र तुलस्यान, सतीश मांग्या, तारा चंद अग्रवाल, बीरेंद्र जिंदल, विकास अग्रवाल, विजेता भट्ट आदि मौजूद थे।




## समाजसेवी जैन ने सपत्नीक नेत्रदान का लिया संकल्प

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। महाराजा अग्रसेन ग्लोबल चौरिटेबल ट्रस्ट में आज नेत्रदान केंद्र का शुभारंभ किया गया। जिसमें शहर के तमाम गणमान्य लोग और चिकित्सक मौजूद थे। नेत्रदान केंद्र के शुभारंभ के साथ ही शहर के समाज सेवी जय भगवान जैन ने सपत्नीक नेत्रदान का संकल्प लिया। नेत्रदान केंद्र निदेशक डॉक्टर एलएम उप्रेती और चौयरमेन एसके मित्तल महाराजा अग्रसेन ग्लोबल चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सभी से नेत्रदान करने के लिए आगे आने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर शहर के समाजसेवी और उद्योगपति जय भगवान जैन पुत्र बारूमल जैन ने संकल्प लिया कि मरणोपरांत वह अपने नेत्रदान करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी भी मरणोपरांत अपने नेत्रदान का संकल्प लेती है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया हरेला पर्व

गदरपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने आवास विकास डा. हेडगेवार पार्क में लोकपर्व हरेला धूमधाम से मनाते हुए फलदार, छायादार एवं अन्य किस्म के पौधे रोपित किये एवं लोंगो को प्रकृति, से जोड़ने का सन्देश दिया। इस मौके पर नगर संघचालक दीपक सुधा, नगर कार्यवाह जीवन जोशी, जिला गतिविधि समरसता प्रमुख राजकुमार सुखीजा, रामप्रसाद ध्यानी, अशोक मोर्य, पंकज सेतिया, सोनू पोपली देवेन्द्र विष्ट, सुवोध शर्मा, अरविन्द खेड़ा अजय आहूजा, हरीश रेल्हन, अमित सेतिया, बंटी छाबड़ा, राजकुमार झाम, विनोद चुघ, दर्शनसिह नेगी, नन्दकिशोर, विकास ठक्कर, रामजीलाल शर्मा, शिवनारायण शर्मा, विजय ओझा, हनुमत भुड्डी, राजकिशन आदि उपास्थित थे।



# हरेला पर्व पर जनता इंटर कॉलेज में हुआ वृक्षारोपण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनता इंटर कॉलेज में हरेला पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक पवन अग्रवाल ने विद्यालय परिसर में पौध रोपण करके किया। जिसके पश्चात छात्र-छात्राओं तथा विद्यालय स्टाफ द्वारा विद्यालय में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की बालिकाओं ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को सम्मोहित कर दिया। हरेला पर्व हमारे पर्यावरण और प्रकृति के संरक्षण के प्रति हमारी जिम्मेदारी को बताता है। आज विद्यालय परिसर में अमरूद, आंवला आदि विभिन्न प्रजातियों के वृक्ष रोपे गए। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने इन रोपित पौधों के संवर्धन और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। विद्यालय के प्रबन्धक पवन अग्रवाल ने छात्र छात्राओं सम्बोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण हमारे आने वाली पीढ़ी के लिए एक धरोहर है। जिसे हमें सुरक्षित और स्वस्थ रखना है। उन्होने अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया ताकि यह धरती को पुनः हरा भरा बनाया जा सके। प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश अरोड़ा ने बताया कि पूर्व में भी विद्यालय में 2000 वृक्ष लगाऐ जा चुके हैं। आगे भी इस वर्ष 200 पेड़ लगाने का लक्ष्य है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा अगर इस धरती को बचाना है तो हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने ही होंगे और उनकी देखभाल भी करनी होगी। इससे पूरे शहर का वातावरण शुद्ध होगा। तभी इस पर्व को मनाने की सार्थकता भी सिद्ध होगी। प्रधानाचार्य ने अखिल भारतीय साहित्य परिषद उत्तराखण्ड के अध्यक्ष सुनील पाठक को धन्यवाद दिया। जिन्होंने वृक्ष लगाओ की इस मुहिम से जुड़कर विद्यालय को 70 पौधे प्रदान किये हैं। इस अवसर पर बालिका वर्ग की प्रभारी रचना नेगी, अर्जुन सिंह, पंकज कुमार, चन्द्रवीर, विजय त्रितेदी, सोनू, उत्तम अधिकारी, हेमचन्द्र पंत, अमित कपूर, वीरेंद्र जोशी, दीप कुमार पन्त, अनिल गंगवार, देवेन्द्र रावत, नवीन पांडेय, विजेंद्र कुमार, गोविन्द मजूमदार, देव्रथ वर्मा, संजीत चक्रवर्ती, रंजीत राज, सुरेश गुप्ता, विरेन्द्र कुशवाहा, अनिल कन्नौजिया, लाल बहादुर, अमित भारती, महेश, मुकेश, निधि, हर्षित, जितेन्द्र, राजेन्द्र, माया राज, ज्योति, कल्पना, इज्या आदि समस्त अध्यापक और अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।



# हरेला पर्व पर स्कूली बच्चों ने किया पौधारोपण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हरेला पर्व के अवसर पर रा. प्रा.वि. कच्ची खमरिया में विधालय स्टॉफ, छात्रों व अभिभावकों द्वारा विभिन्न प्रकार के पौधे लगाये। इस अवसर पर छात्रों द्वारा हरेला पर्व से सम्बंधित चित्र भी बनाये गये एवं उनको हरेला पर्व व पर्यावरण संरक्षण से संबंधित जानकारी भी प्रदान की गयी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक तारिक महमूद, तरुण कालरा, रेनू यादव, सीता कौर, फरीदन, शमशाद बेगम, शाहीन आदि मौजूद रहे।



# स्कॉलर्स वैली इंटरनेशनल स्कूल में किया पौधारोपण

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। प्रकृति एवं उत्तराखंड की संस्कृति को समर्पित लोक पर्व हरेला के पावन पर्व पर स्कॉलर्स वैली इंटरनेशनल स्कूल सितारगंज में स्कूल के प्रबंधक पलविंदर सिंह औलख एवं प्रधानाचार्य कमलजीत कौर औलख एवं स्टाफ के द्वारा स्कूल में लगभग 200 पेड़ लगाए गए। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक ने कहा प्रकृति एवं भविष्य को बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाएं ताकि पर्यावरण एवं हमारे आने वाली पीढ़ी को बचाया जा सके इस मौके पर प्रधानाचार्य कमलजीत कौर औलख द्वारा बच्चों को अत्यधिक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर कोऑर्डिनेटर भूपेन्द्र सिंह, उत्तम तिवारी, सुखवंत कौर, अनुपमा दुबे, गीता तिवारी, सिमरनजीत कौर, मनप्रीत कौर, रौनक खान, प्रदीप कौर, एकता बोरा, ममता बोरा, अर्शदीप सिंह, अमित पाठक आदि उपस्थित रहे।






# राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को दी 'हरेला' पर्व की शुभकामनाएं

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रदेशवासियों को लोकपर्व 'हरेला' की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को समर्पित 'हरेला' पर्व उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक परंपरा और प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्द्धन का पर्व है। उन्होंने कहा कि हरेला पर्व हमारी



लोक संस्कृति, प्रकृति और पर्यावरण के साथ जुड़ाव का भी प्रतीक है। हमारी प्रकृति को महत्व देने की हमारी परंपरा रही है और हम प्रकृति के विभिन्न रूपों की पूजा करते हैं। हमारी इन परंपराओं का वैज्ञानिक आधार भी है। राज्यपाल ने कहा कि हमें उत्तराखण्ड की पर्यावरण हितैषी परंपराओं को आगे बढ़ाना है तथा हरेला पर्व के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के संदेश के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा की वर्तमान में ग्लोबल वार्मिंग तथा पर्यावरण असंतुलन जैसी समस्याओं के चलते पर्यावरण संरक्षण का महत्व बढ़ गया है। उन्होंने कहा की हमें प्रकृति संरक्षण और प्रेम की अपनी संस्कृति के साथ ही उत्सवों को मनाए जाने की परंपरा को बनाए रखना होगा। राज्यपाल ने कहा कि हम सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ''एक पौधा माँ के नाम'' मुहिम का हिस्सा बनकर एक-एक पौधा अवश्य लगाएं।

# खाई में गिरी कार देहरादून के युवक की दर्दनाक मौत

उत्तरकाशी। उत्तरकाशी में गंगोत्री हाईवे पर डुंडा के पास सोमवार दोपहर दर्दनाक हादसा हो गया। सिंगोटी के पास एक कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे में देहरादून निवासी एक युवक की मौत हो गई। डुंडा चौकी प्रभारी तसलीम आरिफ ने बताया कि करीब तीन बजे कार हादसे की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। कार में एक ही व्यक्ति सवार था। कार सड़क से करीब 100 मीटर नीचे गिरी थी। खड़ी चट्टान होने के कारण रेसक्यू में थोड़ी दिक्कतें भी आई। घटनास्थल पर मिले आधारकार्ड से शव की पहचान ममलेश(42) पुत्र रामलाल नई बस्ती, पार्क रोड देहरादून के रूप में हुई। पुलिस ने शव को खाई से निकालकर अस्पताल पहुंच दिया है। परिजनों को भी सूचित किया जा रहा है।

# हरेला पर्व पर कामां आश्रम में किया पौधरोपण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने आज हरेला पर्व पर श्री हरि कृपा आश्रम परिसर कामां, भरतपुर राजस्थान में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय के साथ पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने भक्तजनों को संबोधित करते हुए कहा कि व्रक्षतभगवान शंकर के प्रतिरूप ही हैं। भगवान शिव ने लोकहित में विषपान किया व संसार को अमृत बाँटा। ठीक उसी प्रकार वृक्ष भी कार्बन डाइऑक्साइड का जहर पीकर आक्सीजन का अमृत बाँटते हैं। वृक्ष पृथ्वी माता के श्रंगार तो हैं ही साथ ही हम सभी को भी जीवन व प्राण देते हैं। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव सम्पूर्ण विश्व में आज हमें प्रत्यक्ष दिखाई दे रहा है। निरंतर बढता हुआ पर्यावरण का



असंतुलन व घातक प्रदूषण भविष्य के लिए घोर चिंता का विषय है। समय रहते यदि हम जागरूक ना हुए तो भविष्य में होने वाले विनाशकारी दुष्परिणामों को भोगने के लिए हमें मजबूर होना पड़ेगा।उन्होंने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण हम सभी का पुनीत कृर्तव्य है । ग्लोबल वार्मिंग व समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर हो रही भयानक प्राकृतिक आपदाओं का कारण पर्यावरण का विकृत होता स्वरूप ही है। उन्होंने कहा कि प्रकृति माँ को शृंगार विहीन होने से बचाएँ। पृथ्वी माँ के श्रृंगार हैं वृक्ष। प्रकृति हमारी जन्मदात्री माँ से भी अधिक हमारी रक्षा करती है, परंतु प्रकृति के नियमानुसार यदि नहीं रह कर अपितु उससे खिलवाड़ करें तो यह रक्षक होने के बजाय हमारी भक्षक भी बन सकती है। आए दिन जहाँ तहाँ बाढ़, भूकंप, सूखा, प्राकृतिक अन्यान्य विपदाएँ हमारी प्रकृति के साथ खिलवाड़ का ही परिणाम रहा है। प्राकृतिक सौंदर्य, वनसंपदा आदि हमारी प्रकृति माँ के श्रृंगार है पृथ्वी माँ को शृंगार विहीन होने से बचाने के लिए स्वयं को प्राकृतिक आपदाओं से बचाकर सुखी भविष्य बनाने के लिए अपने क्षेत्र के सौंदर्य आकर्षण पहचान को बनाए रखने के लिए प्रकृति व यहाँ की अमूल्य ऐतिहासिक धरोहरों के साथ खिलवाड़ बंद करके उनके संरक्षण पर ध्यान देना बहुत ही आवश्यक है। समय रहते यदि हमने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो बाद में पश्चाताप के अलावा हमारे हाथ कुछ भी शेष नहीं रहेगा। सभी भक्तों ने वृक्षारोपण का व वृक्षों के संरक्षण का संकल्प भी लिया।

# प्राचीन पूर्णागिरी मंदिर के लिए एक करोड़ स्वीकृत

खटीमा(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा विधानसभा क्षेत्र खटीमा के अंतर्गत ग्राम नगरा तराई में स्थित प्राचीन मां पूर्णागिरी मंदिर के जीर्णोद्वार, चाहरदीवारी फर्श एवं सौन्दर्यीकरण कार्य हेतु एक करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा क्षेत्र खटीमा के अंतर्गत अमाऊ ओमकारेश्वर मंदिर प्रांगण की चार दीवारी छठ पूजा स्थल निर्माण एवं मंदिर के सौन्दर्यीकरण के लिए भी रूपये 94 लाख की धनराशि स्वीकृति की गई है।

# दिनदहाड़े फायरिंग के मामले में शूटर गिरफ्तार

## , एक शूटर रामपुर में कर चुका है सरेंडर, फायरिंग के अन्तराष्ट्रीय गठजोड़ का पुलिस ने किया खुलासा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। 27 जून को रूद्रपुर में गदरपुर निवासी अधिवक्ता सत्यम सिंह पर दिन दहाड़े हुई फायरिंग के मामले के अंतर्राष्ट्रीय गठजोड़ का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में आरोपियों की मदद करने वाले तीन लोग पहले ही गिरफ्तार किये जा चुके हैं। पुलिस ने अब एक शूटर को गिरफ्तार कर लिया है जबकि दूसरा शूटर रामपुर में एक मामले में खुद को सरेंडर कर चुका है। खुलासा करते हुए एसएसपी मंजूनाथ टिसी ने बताया कि गदरपुर निवासी अनिल सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि 27 जून की दोपहर उसका पुत्र प्रशान्त सिह व सत्यम सह अपनी कार से स्टाम्प लेने के लिए रुद्रपुर स्थित दुर्गा मंदिर धर्मशाला के पास स्टाम्प विक्रेता के पास आये थे। प्रशान्त सिह स्टाम्प लेने के लिए दुकान में चला गया था जबकि छोटा बेटा सत्यम सिंह गाडी में ही बैठकर इंतजार कर रहा था। जैसे ही सत्यम सिह कार से बाहर आकर फोन पर बात कर रहा था तभी एक काले रंग की स्पलेन्डर मोटरसाईकिल से दो युवक आये जिनके मुह में कपड़ा बंधा हुआ था मोटर साईकिल में पीछे बैठे युवक ने सीधे ही मोटर साइकिल से उतरकर बेटे को 2 गोली मार दी जो मेरे बेटे के पैर में लगी।मामले में अभियुक्तों की धर पकड़ के लिए टीमों का गठन किया गया था। टीम ने माले में आरोपी वंशदीप औलख पुत्र मनमीत सिंह निवासी ग्राम सिरसखेडा थाना बिलासपुर जिला रामपुर , करनजीत सन्धू पुत्र सिवेन्दर सिंह निवासी संग्रामपुर थाना शाही जिला बरेली , मंदीप सिह पुत्र तरनवीर सिह निवासी भोपतपुर सकरिया थाना पूरनपुर पीलीभीत को घटना की रैकी करने में प्रयुक्त स्विफ्ट कार के साथ 2 जून को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में इन आरोपियों ने बताया के सहज विर्क जो



वंशदीप औलख का रिश्तेदार भी हैं और वर्तमान में यू०के० में रह रहा है। उसके द्वारा वंशदीप औलख को स्नैप चेट वीडियो काल कर प्रशान्त सिंह की रैकी करने के लिए कहा था। जिसके एवज में विदेश जाने में पैसों की व आसानी से वीजा दिलाने की मदद की बात कही। जिस पर वंशदीप औलख ने अपने दोस्त करनजीत सन्धू और मंदीप सिह को राजी किया क्योकि दोनों ही अभियुक्त गणों को विदेश जाना था। फिर तीनों ही लोगों ने मिलकर जिसमें करनजीत सन्धू ने रैकी के लिए अपनी कार स्वफ्ट वंशदीप औलख को दी और फिर वंशदीप औलख अपने दोस्त मंदीप सिह के साथ सहजविर्क के बताये अनुसार 7 जून को प्रशान्त सिंह के घर की रैकी करने चले गये और जैसे ही प्रशान्त सिंह अपने घर गदरपुर से रुद्रपुर को निकला तो वंशदीप औलख भी उसका पीछा करते हुए रुद्रपुर को आया और इसकी सूचना सहज विर्क को देता रहा। सहज विर्क ने जैसे ही प्रशान्त सिंह रुद्रपुर दुर्गा मंदिर धर्मशाला के पास खड़ा था उस पर शूटरों को भेजकर गोली चलवा दी। अज्ञात शूटरों की तलाश जुटी पुलिस टीम ने छानबीन की तो मामले में सुलेमान अंसारी पुत्र रजा हुसैन निवासी सकटवा थाना बिलासपुर जिला रामपुर हाल निवासी बाईस पट्टी हुलासपुरा उत्तम नगर रोड थाना बहेड़ी जिला बरेली , मुराद पुत्र मुनन खाँ उर्फ मुन्ना खाँ निवासी ग्राम बमनपुरा थाना खजुरिया जिला रामपुर का नाम प्रकाश में आया जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम ने सम्भावित स्थानों व घरों में दबिश दी । जिसके उपरान्त अभियुक्त सुलेमान अंसारी ने स्वयं को रामपुर कोर्ट में सरेंडर कर दिया । जिसका वारंट बी में तलब करने की प्रक्रिया की जा रही है जबकि मुराद पुत्र मुनन खाँ को टीम ने मुखबिर की सूचना पर रूद्रपुर बिलासपुर को जाने वाली मेन सड़क के पास स्थित ब्लाक आफिस को जाने वाले कट के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाईल फोन और एक 315 बोर का तमंचा व 2 जिंदा कारतूस बरामद किये गये। पूछताछ में मुराद ने बताया कि उसे गरीबपुर बहेड़ी निबसी मनप्रीत सिंह उर्फ गोपी ने फोन पर बैंगलौर से बहेड़ी बुलाया था और बताया कि तुझे और सुलेमान को रूद्रपुर में किसी का गेम बजाना है। मुराद ने पूछताछ में घटना मे अपने साथ सम्मिलित अन्य लोगों के नाम बताये हैं।

## किच्छा विधानसभा में कराया जा रहा है चहुमुखी विकास:बेहड़

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि आने वाला समय किच्छा में विकास की दृष्टि से बहुत सुनहरा होने वाला है उनके द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे है तथा अधिकाँश योजनाओं को अंजाम तक पहुचाया जा रहा है और विकास कार्य लगातार पूर्ण कराये जा रहे है। विधायक निधि के साथ अन्य योजनाओं के कार्य भी विधानसभा में तेजी से चल रहे हैं ।उनके द्वारा अधिकारियों से समय-समय पर बैठकें की जा रही है और योजनाओं की समीक्षा की जा रही है तथा अधिकारियों को विधानसभा की योजनाये शीघ्र पूरा करने हेतु निर्देशित किया गया है। बेहड ने कहा राज्य में उनकी सरकार नहीं है किन्तु फिर भी उनके लगातार प्रयासों से किच्छा में जो विकास कार्य कई वर्षों से नहीं कराये गए थे उनको प्रार्थमिकता के आधार पर पूर्ण



कराया जा रहा है। इससे पूर्व जनसंवाद कार्यक्रम के तहत पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं विधायक तिलक राज बेहड़ के आवास विकास किच्छा स्थित कार्यालय पर तमाम क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याएं रखी। जिस पर विधायक बेहड ने उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुए उसके निदान हेतु आवशयक कार्यवाही की । प्रत्येक सोमवार को विधायक बेहड़ के कार्यालय पर जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होता है। जिसमें वह तमाम क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुनते हैं। जिसको लेकर आज प्रात काल से ही उनके कार्यालय पर क्षेत्रवासियों का तांता लगा रहा जिसमें क्षेत्र वासियों ने उन्हें राशन कार्ड, पेंशन,आर्थिक सहायता, बिजली, स्वास्थ्य,शिक्षा जैसी तमाम समस्याएं उनके सामने रखी। बेहड़ ने सभी क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समस्याओं के निदान हेतु संबंधित अधिकारियों निर्देशित किया। इस दौरान भगवान देहि ने वार्ड न०-02 में विद्युत समस्या से विधायक बेहड को अवगत कराया । सिकत्तर सिंह निवासी ग्राम सतुईया ने ग्राम में विद्युत आपूर्ति हेतु गाँव में 4 पोल लगाए जाने की मांग की, सुमित्रा कौर व धर्म सिंह निवासी-धौराडाम नजीमाबाद ने आर्थिक सहायता दिलाने हेतु,शमीम बेगम वार्ड न०-12 किच्छा निवासी ने दैवीय आपदा के तहत आर्थिक सहायता दिलाये जाने की मांग रखी । विधायक बेहड़ ने अधिकाँश समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया तथा शेष समस्याओं के निस्तारण हेतु दिशा निर्देश जारी किये।






## हरेला पर्व पर बार भवन परिसर में किया पौधारोपण

रूद्रपुर । जिलाबार एसोसियएशन रूद्रपुर उधमसिंह नगर के समस्त सदस्यों द्वारा धार्मिक पावन पर्व हरेला के शुभावसर पर बार भवन में वृक्षारोपण का कार्यकम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाबार के अध्यक्ष दिवाकर पाण्डेय एडवोकेट व संचालन सचिव सर्वेश कुमार सिंह एडवोकेट ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जिलाजज श्रीमती मीना देउपा एवं जिलाबार अध्यक्ष दिवाकर पाण्डेय ने संयुक्त रूप से माँ शारदे के प्रतिमा स्वरूप के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने सम्बोधन में हरेला के महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक देशवासी को इस अवसर पर कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। इस



अवसर पर न्यायिक अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने मिलकर संयुक्त रूप से न्यायालय परिसर में 51 फलदार पौधे रोपे। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि हरेला का पावन पर्व हरियाली एवं हरित कांति का स्वरूप है ऐसे में पर्यावरण को शुद्ध बनाये रखने एवं बरसात के दिनों में लगातार लैड स्लाईडिग को रोकने के लिए देश वासियों को अधिक से अधिक संख्या में पेड लगाने चाहिए। कार्यक्रम में कृष्ण चंद, विकास तिवारी, पावेल कठायत, अखिलेश कुशवाहा, संजीत बढई, जेपी गंगवार, शक्ति मिश्रा, आशीष त्रिपाठी, सुरेन्द्र गिरधर, गुरबाज सिंह, डीडी गुणवंत, वीसी जोशी, डीएन जायसवाल, शाहिद हुसैन, सुशीला मेहता, धर्मेन्द्र सिंह, विजय कुमार,नरेश रस्तोगी,परवेजआलम, गोपाल शर्मा, रविन्द्र सिंह, गौरव मिढढा, शिव कुँवर सिंह, केएन मिश्रा, राज बहादुर वार्ष्णेय, पियूष पंत, यजुर्वेन्द्र सिंह, नवीन रजवार,वतन जोशी, विक्रमजीत सिंह, मक्खन सिंह, राधव सिंह, नीरज मौर्या, आरएन राय,गिरिश चर्तुवेदी, पुनीत कुमार, अभय सोलंकी, सुभाष छावड़ा, सीपी सिंह इत्यादि अधिवक्ता सहित समस्त न्यायायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पन्द्रह दिन में पूरी तरह साफ हो जायेगा कचरे का पहाड़

### डीएम ने फिर किया स्थलीय निरीक्षण

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। जिलाधिकारी/प्रशासक नगर निगम उदयराज सिंह ने ट्रंचिगं ग्रांउड में लिगेसीवेस्ट ट्रीटमेंट का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने कार्यदायी संस्था को लिगेसीवेस्ट ट्रीटमेंट में गति लाने के निर्देश दिये साथ ही कहा कि लिगेसीवेस्ट को ट्रिटमेंट कर आरडीएफ व वायोसायल को शीघ्र हटाया जाये। लिगेसी ट्रिटमेंट कार्य व उसका डिस्पोजल एनजीटी के मानकों के अनुसार वैज्ञानिक तरीके से किया जाये तथा ट्रीटमेंट व डिपोजल कार्य की फोटोग्राफी



अनिवार्य रूप से करायी जाये। उन्होने कहा कि काफी हद तक कूड़ा हटा दिया गया है जिससे की अब ग्राउण्ड की दूसरे ओर की बाउण्ड्री दिखाई देने लगी है। कम्पनी द्वारा बताया गया कि लगभग 1 सप्ताह में कूड़े का लेवल सड़क के लेवल तक कर लिया जायेगा, क्योकिं कूड़ा सड़क लेवल से नीचे गहरे तक है जिसे 15 दिन के भीतर हटा दिया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि काशीपुर में भी इसी प्रकार का कूड़े का ढेर था जिसे हटा दिया गया है। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी आदि मौजूद थे।

## अवैध रूप से संचालित तीन पैथोलॉजी लैब सील

रामनगर( उद संवाददाता)। शहर व ग्रामीण इलाकों में अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी लैबों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग द्वारा सोमवार को फिर से अभियान चलाया गया। नोडल अधिकारी डॉक्टर प्रशांत कौशिक ने बताया कि टीम द्वारा कोटद्वार रोड लखनपुर क्षेत्र में बिंगो हेल्थ केयर लैब पर 10 हजार रुपए का तथा शिवलालपुर चुंगी



के समीप स्थित न्यू शेख डायग्नोस्टिक सेंटर पर 25000 रुपए ,जगदंबा पैथोलॉजी लैब पर 30 हजार रुपए का जुर्माना लगाने की कार्रवाई करते हुए इन तीनों लैबों को सील कर दिया है। उन्होंने बताया कि इन तीनों लैबों में भारी अनियमितताएं मिली थी। डॉक्टर निकुंज अग्रवाल के क्लीनिक पर निरीक्षण के दौरान सभी प्रपत्र सही पाए गए। उन्होंने बताया कि अभियान लगातार जारी रहेगा । मरीजों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ भी अभियान चलाया जाएगा।

## हरेला पर्व पर महाविद्यालय में हुआ पौधारोपण

गदरपुर( उद संवाददाता)। हरेला पर्व के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना तथा रोवर- रेंजर इकाई द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में आम, शतावरी, सर्पगंधा पिपली इत्यादि औषधिय एवं अन्य फलों व पुष्पों के 15 पेड़-पौधे लगाए गए। इस अवसर



पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शर्मिला सक्सेना द्वारा जड़ी- बूटी केंद्र गदरपुर तथा उद्यान-विभाग गदरपुर का पौधे उपलब्ध कराने हेतु आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय एन.एस.एस प्रभारी डॉ अर्चना वर्मा रोवर- रेंजर इकाई प्रभारी डॉ प्रमोद वर्मा, डॉ अशोक कुमार, डॉ श्रीहरि प्रसाद,शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में मदन सिंह, बृजेश पांडे तथा छात्र-छात्राओं में कुमारी अंजू, संजना, भावना, महक, सुनीता, नेहा, राहुल, विशाल कुमार, संजय मोहम्मद अब्बास आदि उपस्थित रहे।

**उत्तरांचल दर्पण**
**सम्पादकीय** सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## खुदरा महंगाई की चुनौतियां

भारतीय रिजर्व बैंक की कोशिश है कि खुदरा महंगाई को चार फीसद से नीचे लाकर स्थिर किया जा सके, मगर तमाम कोशिशों के बावजूद इस पर काबू पाना कठिन बना हुआ है। महंगाई के रुख को देखते हुए ही रिजर्व बैंक रेपो दर में बदलाव का कोई फैसला नहीं कर पा रहा है। काफी समय से बैंक दरें स्थिर बनी हुई हैं, जबकि उद्योग समूह चाहता है कि रेपो दर घटाई जाए। जून महीने में खुदरा महंगाई 5.08 फीसद दर्ज की गई, जो कि पिछले चार महीने का सबसे ऊंचा स्तर है। मई महीने में महंगाई का रुख कुछ नरम दिखा था, हालांकि रिजर्व बैंक को अंदाजा था कि जून और बरसात के महीनों में खुदरा महंगाई बढ़ेगी।रिजर्व बैंक का मानना है कि बरसात के बाद महंगाई उतार पर होगी और तब इसे स्थिर रख पाना संभव होगा। मगर यह दावा कितना सही होगा, कहना मुश्किल है, क्योंकि पहले भी रिजर्व बैंक कई बार कह चुका है कि वह महंगाई को जल्दी ही काबू में ले आएगा। इस बार भी खुदरा महंगाई में बढ़ोतरी खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण हुआ है। दैनिक उपभोग की खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी पर अंकुश लगाना सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार खाद्य महंगाई बढ़ कर 9.36 फीसद पर पहुंच गई है, जो मई महीने में 8.69 फीसद थी। जून महीने में अनाज के दामों में 8.75 फीसद, फलों में 7.15 फीसद, सब्जियों के दामों में 29.32 और दालों की कीमतों में 16.07 फीसद की बढ़ोतरी दर्ज की गई। जमीनी स्तर पर आम उपभोक्ता को इससे कहीं अधिक बढ़ी हुई कीमतें चुकानी पड़ रही हैं। बरसात के मौसम में तो कुछ कारण समझ आते हैं कि बाढ़ और बारिश की वजह से माल ढुलाई में बाधा आने की वजह से कई जगहों पर उपभोक्ता वस्तुओं की आपूर्ति ठीक से नहीं हो पाती। कई इलाकों में पानी भर जाने से फलों और सब्जियों की फसल चौपट हो जाने के कारण भी उनकी कीमतों में बढ़ोतरी देखी जाती है। मगर जून के महीने में ऐसी स्थिति नहीं होती। आमतौर पर बाजार में गेहूं और दालों की नई फसल की उपलब्धता रहती है, इसलिए भी इनकी किल्लत का तर्क नहीं रखा जा सकता। रोजी-रोजगार के मोर्चे पर संकट के दौर से गुजर रहे लोगों के सामने अनाज, फल और सब्जियों की बढ़ती कीमतों की कैसी मार पड़ रही होगी, अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। महंगाई पर काबू न पाए जा सकने के पीछे बाजार और विपणन के प्रबंधन में व्यवस्थागत कमजोरियां बड़ा कारण हैं। रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाली जिन उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन अपने यहां भरपूर होता है, उन्हें सही ढंग से बाजार तक पहुंचाने की व्यावहारिक व्यवस्था अभी तक नहीं बन पाई है। उनकी जगह पर आयातित वस्तुएं बाजार में जगह बना लेती हैं, नहीं तो कोई कारण नहीं कि अक्सर किसानों को अपनी कच्ची फसलें सड़कों पर फेंकने को मजबूर होना पड़ता है। किसान मंडियों में महाजनों की मनमानी की शिकायत करते रहते हैं, पर फसलों की खरीद का व्यवस्थित इंतजाम करने पर ध्यान नहीं दिया जाता। पर्याप्त भंडारगृह और शीतगृहों के न होने से भी फसलें बाजार पहुंचने से पहले बर्बाद हो जाती हैं। जब तक खाद्य वस्तुओं के प्रबंधन पर समुचित ध्यान नहीं दिया जाएगा, तब तक केवल बैंक दरों के जरिए महंगाई पर अंकुश लगाना कठिन बना रहेगा।

# केदारनाथ में तीर्थपुरोहितों ने निकाला जुलूस, आंदोलन करने की चेतावनी

## दिल्ली में केदारनाथ धाम के नाम पर मंदिर बनाने का विरोध तेज

रूद्रप्रयाग। दिल्ली में श्रीकेदारनाथ धाम के प्रतीकात्मक निर्माण के विरोध में केदारनाथ में तीर्थपुरोहित, हक-हकूकधारी और अन्य लोगों का आंदोलन तीसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी के साथ मंदिर की परिक्रमा करते हुए जुलूस निकालकर धरना दिया। तीर्थपुरोहितों ने दिल्ली में केदारनाथ धाम नाम से मंदिर का निर्माण बंद होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री पर भी धाम की उपेक्षा का आरोप लगाया है। सोमवार को तीर्थपुरोहित व अन्य लोग केदारनाथ मंदिर परिसर में एकत्रित हुए। उन्होंने दिल्ली में श्रीकेदारनाथ धाम ट्रस्ट की ओर से श्रीकेदारनाथ धाम नाम से मंदिर बनाने का विरोध करते हुए जमकर नारेबाजी की। आंदोलनकारियों ने मंदिर परिसर की सीढ़ियों पर बैठकर धरना दिया। यहां पर केदार सभा के पूर्व अध्यक्ष किशन बगवाड़ी, विनोद शुक्ला, आचार्य संतोष त्रिवेदी आदि का कहना था कि प्रदेश सरकार ने भगवान आशुतोष के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में एक केदारनाथ की उपेक्षा की है, जो माफीलायक नहीं है। कहा कि श्रीकेदारनाथ धाम के नाम से एक ट्रस्ट है, जो दिल्ली में केदारनाथ धाम मंदिर बना रहा है और सीएम पुष्कर सिंह धामी उसके शिलान्यास में शामिल होते हैं, जो सरासर धाम का अपमान है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार और बीकेटीसी पूरे मामले में अपने को

### केदारनाथ से शिला दिल्ली गई वो कैसे गई ?

देहरादून(उद संवाददाता)। दिल्ली में बन रहे केदारनाथ धाम को लेकर सूबे में सियासत हो रही है। केदारनाथ के पांडापुरोही से लेकर अब प्रदेश की सिस्यासत भी गरमा गई है। कांग्रेस भी इस मामले को लेकर लगातार सरकार पर हमलावर हो रही है। इसी बीच कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने सवाल किया है कि केदारनाथ से जो शिला दिल्ली गई वो कैसे गई है ? उन्होंने इसे ले जाने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। दिल्ली में बन रहे केदारनाथ धाम को लेकर सियासी घमासान जारी है। इस पूरे मामले को लेकर भाजपा ने प्रेस नोट जारी करते हुए कहा ये एक ट्रस्ट का कार्यक्रम था। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पुष्कर धामी पहुंचे थे। सरकार का इसमें कोई लेना देना नहीं है। जिसको लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सरकार को घेरते हुए नजर आए। उन्होंने कहा अगर ये सच है तो मुख्यमंत्री के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए। करन माहरा ने कहा कि कानून के तहत, आर्कियोलॉजिकल डिपार्मेंट की जो हमारी कानून है उसके तहत किसी भी मंदिर या पौराणिक स्थान के साथ छेड़खानी नही की जा सकती। अगर मुख्यमंत्री का निजी कार्यक्रम था तो केदारनाथ से जो शिला गई वे कैसे गई उस पर कार्यवाही होनी चाहिए।



बचाव का प्रयास कर रहे हैं। आचार्य संतोष त्रिवेदी ने कहा कि केदारनाथ विधायक शैलारानी रावत के निधन के चलते अब उप चुनाव होना है, इसे देखते हुए भाजपा के कुछ लोग ऐसे बयान दे रहे हैं, जिससे वह यह संदेश देने प्रयास कर रहे हैं कि वह केदारनाथ धाम के पक्ष में हैं, पर हकीकत में ऐसा नहीं है। उन्हें सिर्फ राजनीति नजर आ रही है। गुप्तकाशी में विरोध प्रदर्शन करते हुए जनप्रतिनिधियों के साथ तीर्थपुरोहित, व्यापारियों ने प्रदेश सरकार और श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति का पुतला भी फूंका। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य विनोद राणा, गणेश तिवारी, व्यापार संघ जिला उपाध्यक्ष मदन सिंह रावत सुभाष अंथवाल सहित केदारनाथ यात्रा से जुड़े होटल, लॉज व्यवसायी, घोड़े- खच्चर संचालक, पशु स्वामी मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय वृक्ष दिवस के रूप में हरेला को मिले मान्यता: कोश्यारी

देहरादून (उद संवाददता)। भारतीय वृक्ष न्यास द्वारा उत्तराखंड के हरेला लोकपर्व को विश्वपर्व के रूप में मनाए जाने जनाभियान संचालित किया



जा रहा है जिसके तहत हरेला दिवस को अन्तर्राष्ट्रीय वृक्ष दिवस की सर्वमान्यता हासिल करने वाला लक्ष्य निर्धारित किया गया है। हरेला बोने वाले दिन यानि 6 जुलाई को देवभूमि उत्तराखंड स्थित धार्मिक नगरी हरिद्वार में आयोजित संत सम्मेलन के द्वारा वृक्ष दिवस अभियान का शुभारंभ किया गया जो अनवरत जारी है। हरेला के अवसर पर देहरादून स्थित एडीफाई वर्ल्ड स्कूल में भव्य हरितोत्सव मनाया गया जिसमे पौधारोपण के साथ हरेला जागरूकता सम्मेलन आयोजित हुआ। हरेला महासम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल व उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने अपने संबोधन में कहा कि आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से जूझ रही है, निरंतर गंभीर होती इस चुनौती का सामना केवल हरेला जैसा लोकपर्व ही कर सकता है जो उत्तराखंड की प्राचीनतम परंपरा है। उन्होंने कहा कि कुमायूं अंचल की संस्कृति में रचा बसा हरेला प्रकृति पर्व अब देश दुनिया में अपने बढ़ते महत्व के कारण अलग पहिचान बना रहा है, हरेला को अंतरराष्ट्रीय वृक्ष दिवस की मान्यता मिलनी ही चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि वृक्ष लगाना सबसे बड़ा पुण्यकर्म होता है, हमें एक पेड़ अपनी मां के नाम और एक पेड़ अपने नाम जरूर लगाना चाहिए। हरेला महासम्मेलन में मुख्यवक्ता के रूप में शामिल हुए भारतीय वृक्ष न्यास के अध्यक्ष हरितऋषि विजयपाल बघेल (ग्रीनमैन ऑफ इंडिया) ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा हर दिन कोई न कोई विशेष दिवस मनाया जाता है लेकिन प्राणवायु उत्पादित करने वाले पेड़ के लिए समर्पित कोई भी एक दिन अभी तक घोषित नहीं किया जा सका है, यह गंभीर चिंताजनक है। ग्रीनमैन ने आगे कहा कि वृक्ष के रोपण से लेकर संरक्षण और संवर्धन हेतु वर्षभर में कोई एक दिन चयनित किया जाए तो वह एकमात्र 16 जुलाई की तिथि ही सबसे अनुकूल है क्योंकि इस दिन घटित होने वाली खगोलीय घटना से सूर्यदेव दक्षिणायन होते हैं और कर्क संक्रांति के रूप में प्रकृति महापर्व होता है, इसलिए 16 जुलाई को विश्व स्तर पर वृक्ष दिवस के रूप में मनाया जाए। उन्होंने अपने व्याख्यान में आगे बताया कि हरेला के मूल में वृक्ष ही है जिसके संरक्षण और संवर्धन के लिए हरेला प्रेरित करता है। भारतीय वृक्ष न्यास द्वारा यूएनजीए के समक्ष 16 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय वृक्ष दिवस की मान्यता मिले ऐसा प्रस्ताव भेजा है। वृक्ष दिवस अभियान के संयोजक सुरेश सुयाल ने अभियान की पूरी रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अपनी कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी। भारतीय वृक्ष न्यास के निदेशक रंजीत सिंह ने कहा कि उत्तराखंड की भूमि से वृक्ष संरक्षण के मामले में दुनिया को नई दिशा दी है, दो तिहाई हरित क्षेत्र होने के बाबजूद चिपको आंदोलन की गूंज यहीं से निकली। विद्यालय की प्राचार्या हरलीन कौर चौधरी ने एडिफाई स्कूल की पर्यावरणीय गतिविधियों के बारे विस्तृत जानकारी देते हुए अतिथियों का पौधा भेंटकर सम्मान किया। छात्र छात्राओं द्वारा हरेला गीत गाकर विचार व्यक्त किए, संचालन भी विद्यार्थियों द्वारा किया गया। हरेला महासम्मेलन में पांच सौ से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पौधारोपण करके किया गया।

# पुलिस ने चलाया यातायात जनजागरूकता कार्यक्रम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद पुलिस द्वारा आज इन्द्रा चौक स्थित सीपीयू कार्यालय में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें निःशुल्क नेत्र, स्वास्थ्य एवं रक्तदान जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पुलिस कर्मियों के साथ ही भारी संख्या में लोगों ने नेत्रों की जांच कराई व अनेक ने रक्तदान



भी किया। शिविर काप शुभारम्भ मुख्य अतिथि एसपी क्राईम चन्द्रशेखर घोडके व एसपी सिटी मनोज कत्याल ने संयुक्त रूप से किया। एसपी क्राईम चन्द्रशेखर घोडके ने कहा कि सभी वाहन चालकों को वाहन चलाने के दौरान यातायात नियमों का पूरी तरह से पालन करना चाहियें। इस मौके पर सीओ यातायात बहादुर सिंह चौहान, सीपीयू इंस्पेक्टर राकेश बिष्ट, यातायात इंस्पेक्टर नरेन्द्र आर्य आदि मौजूद थे।

# जनजाति प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों को वेतन भुगतान की संस्तुति

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जनपद उधमसिंहनगर के बाजपुर में जनजाति कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित 14 जनजाति प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों को नियमित मासिक वेतन भुगतान के प्रकरण में सचिव, विद्यालयी शिक्षा की अध्यक्षाता में गठित समिति ने जिलाधिकारी को मासिक आधार पर शिक्षकों को वेतन भुगतान की संस्तुति की है। जिस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पत्रावली को अनुमोदन प्रदान कर दिया है। गौरतलब है कि उक्त प्रकरण में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 18/12/2023 को पारित आदेशों के अनुपालन में सचिव विद्यालयी शिक्षा की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया था। समिति ने विद्यार्थियों/ अध्यापकों की उपस्थिति आदि एवं परफॉर्मेंस के आधार पर माह की 10 तारीख तक जनपद के संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी एवं सहायक समाज कल्याण अधिकारी द्वारा किये गए सत्यापन/जिला समाज कल्याण अधिकारी की संस्तुति के आधार पर जिलाधिकारी द्वारा मासिक आधार पर वेतन भुगतान करने की संस्तुति की है।

# मुहर्रम के जुलूस को लेकर प्रशासन ने बुलाई अमन कमेटी की बैठक

किच्छा(उद संवाददाता)। मोहर्रम के उपलक्ष में नगर में निकाले जाने वाले जुलूस को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा अमन कमेटी की बैठक बुलाई गयी। जिसमें सभी समुदाय के लोगों ने शिरकत की तथा अपने-अपने सुझाव दिए। मुख्य रूप से जुलूस को लेकर चर्चा करते हुए तय किया गया कि पूर्व की तरह जो भी निश्चित रूट है उसका पालन किया जाएगा। अमन कमेटी की बैठक का संचालन मुख्य रूप से थाना पुलभट्टा इंचार्ज रविंद्र सिंह बिष्ट द्वारा किया गया उन्होंने आम लोगों से सुझाव मांगे। शिया समुदाय के लोगों द्वारा भी जुलूस निकाले जाने की बात रखी किंतु जिला प्रशासन से अनुमति न मिल पाने के कारण जुलूस निकालने पर मनाही की गई। जिस पर निकाला जाएगा। यदि वे लोग जिला प्रशासन से परमिशन लेकर आते हैं तो



शिया समुदाय के लोगों ने इस पर सहमति व्यक्त की। कोतवाल सुंदरम शर्मा ने कहा कि बिना अनुमति के कोई भी जुलूस नहीं उनके भी जुलूस को पूर्ण सुरक्षा के तहत निकाला जाएगा। सुंदरम शर्मा ने अन्य लोगों से भी नियमानुसार जुलूस निकालने का अपील की। सथ ही कहा कि जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक प्रक्रिया को न अपनाया जाए तथा जाम इत्यादि ना लगाते हुए जुलूस को गंतव्य तक ले जाया जाए। इस अवसर पर मुख्य रूप से तहसीलदार गिरीश त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी बहादुर सिंह चौहान, वरिष्ठ उप निरीक्षक बीवी जोशी के अलावा सामाजिक कार्यकर्ता अक्षय बाबा, व्यापारी नेता गुलशन सिंधी, अब्दुल रशीद जग्गू, लियाकत अंसारी, मोहम्मद इकरार, दानिश इकबाल, चूड़ामणि, अथर जैदी, जफर रिजवी, नाजिम जड़ी रिंकू, जीशान जड़ी, रूबी जड़ी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# किच्छा में प्रांतीय उद्योग व्यापार मण्डल के चुनाव 25 जुलाई को

किच्छा(उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई के संगठन का चुनाव 25 जुलाई को संपन्न होगा। उक्त जानकारी प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष राजकुमार भुड्डी ने रुद्रपुर रोड स्थित एक निजी होटल में पत्रकार वार्ता में दी। भुड्डी ने बताया कि नगर इकाई के चुनाव संपन्न करने के लिए पिछले एक माह से प्रक्रिया चल रही थी जिसमें व्यापारियों को संगठन की सदस्यता देकर उनके वोट बनाए जा रहे थे जिसके लिए नगर में चुनाव समिति का भी गठन किया गया था। सदस्यता अभियान संपन्न होने के बाद चुनाव की तिथि घोषित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि 17 जुलाई तक सदस्यों पर आपत्ति ली जाएगी तथा उनका निस्तारण किया जाएगा। वोटर लिस्ट तैयार कर दी गई है जिस किसी को भी वोटर लिस्ट की आवश्यकता हो वह ढाई सौ रुपए देकर वोटर लिस्ट पूर्व की तरह निर्धारित स्थान से ले सकता है। उन्होंने बताया कि आपत्ति के लिए 50रूपये फीस निर्धारित की गई है यदि वोटर लिस्ट में दर्ज वोट निरस्त किया जाता है तो 50 रूपये की फीस आपत्ति कर्ता को वापस कर दी जाएगी। यदि वोट सही पाया जाता है तो फीस वापस नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी आपत्तियों का निस्तारण 18 तारीख तक किया जाएगा । 18 तारीख को ही नामांकन पत्र भी वितरित किए जाएंगे। 19 तारीख को नामांकन की वापसी तिथि निर्धारित की गई है । इस दिन आपत्तियों का निस्तारण करते हुए कार्य संपादित किया जाएगा। 20 तारीख को आवेदनों पर जांच करते हुए 20 तारीख को 10 से 2 बजे तक नाम वापसी की प्रक्रिया की जाएगी । इसके बाद 25 तारीख को व्यापार मंडल का चुनाव संपन्न करा कर विजेताओं के नाम घोषित कर दिए जाएंगे। 25 तारीख को मतदान का समय प्रात: 8बजे से 5 बजे तक निधारित रहेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से संगठन के महामंत्री निर्मल सिंह हंसपाल, चुनाव समिति के अध्यक्ष सतपाल गाबा, समिति के सदस्य लियाकत, विनोद चोटिला, महादेव अग्रवाल, राजेंद्र अरोड़ा, अभय कुमार सिंह उर्फ रामबाबू के अलावा जिला कार्यकारिणी के ओमप्रकाश अरोड़ा भी मौजूद थे।



## आपत्तिजनक टिप्पणी पर जिलाध्यक्ष का किया घेराव

किच्छा। नगर व्यापार मंडल चुनाव में चल रही खींचतान के बीच जिला अध्यक्ष राजकुमार भुड्डी द्वारा निवर्तमान कोषाध्यक्ष को लेकर की गई टिप्पणी से खासा बवाल उत्पन्न हो गया। नाराज निवर्तमान कोषाध्यक्ष के समर्थकों द्वारा चुनाव प्रक्रिया की घोषणा के बाद वापस जा रहे जिला अध्यक्ष राजकुमार भुड्डी का घेराव कर रोष प्रकट किया तथा जिला अध्यक्ष से निवर्तमान कोषाध्यक्ष पर की गई टिप्पणी पर सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की। जिला अध्यक्ष की गाड़ी के आगे बैठकर धरना दे दिया। इस बीच माहौल खासा तनावपूर्ण होता गया किंतु इसी बीच वरिष्ठ व्यापारियों द्वारा हस्तक्षेप कर मामले को शांत कराया गया। राजकुमार भुड्डी द्वारा प्रेस वार्ता में पत्रकारों का जवाब देते हुए कहा गया था कि पूर्व की कार्यकारिणी द्वारा संगठन के लिए कोई भी जिम्मेवारी का कार्य नहीं निभाया गया तथा इसके अलावा जिला अध्यक्ष के मुंह से अनायास आपत्तिजनक शब्द निकल गया जिसका कि स्वयं जिला अध्यक्ष को भी भान नहीं हो पाया। किंतु लाइव चल रहे प्रकरण के चलते उक्त शब्द को लेकर माहौल गर्मा गया और निवर्तमान महामंत्री विजय अरोड़ा के अलावा व्यापारी नेता प्रमोद ठुकराल, संजीव सिंह सहित आधा दर्जन व्यापारियों द्वारा रोष प्रकट करते हुए जिला अध्यक्ष के वाहन को रोकने का प्रयास किया गया किंतु माहौल को शांत करते हुए वरिष्ठ व्यापारियों द्वारा जिला अध्यक्ष को वापस भेज दिया गया।वही मामले को लेकर निवर्तमान कोषाध्यक्ष ने बताया कि हालांकि उनके प्रति जिला अध्यक्ष द्वारा अमर्यादित शब्द का प्रयोग किया गया था जो कि उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति की निजी जिंदगी पर टिप्पणी किया जाना उचित नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि वह जिला अध्यक्ष का सम्मान करते हैं तथा वह उनके मार्गदर्शक हैं उनके द्वारा की गई टिप्पणी से वह आहत है लेकिन इस टिप्पणी से वह भी अक्रोशित हो गए थे जिस वजह से उन्होंने जिला अध्यक्ष के सम्मुख अपना रोष प्रकट किया है यह उनका हक भी था किंतु अब इस संबंध में वे किसी प्रकार की टीका टिप्पणी नहीं करना चाहते हैं क्योंकि जिला अध्यक्ष उनके वरिष्ठ हैं उनका सम्मान करते आए हैं और आज भी सम्मान करते हैं और आगे भी सम्मान करते रहेगें।

# मंदिरों में चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के सदस्य गिरफ्तार

## गदरपुर में हुई चोरी के माल सहित दिल्ली में पकड़े गये दो चोर, एक सुनार भी दबोचा

रुद्रपुर/गदपुर(उद संवाददाता)। सात जुलाई को गदरपुर के सनातन मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों और चोरी के आभूषण को खरीदने वाले सुनार को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस कार्यालय में खुलासा करते हुए एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि गदरपुर स्थित सनातन धर्म मंदिर के कोषाध्यक्ष लेखराज भुड्डी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि सात जुलाई की रात चोरों ने मंदिर से सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए हैं। इस घटना से लोगों में भारी रोष था। मामले में थाना गदरपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू की। मामले के खुलासे के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया था। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे कैमरों के करीब 600 सीसीटीवी फुटेज खंगाले। रविवार को टीम ने घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपियों निहाल विहार निलौठी दिल्ली निवासी त्रिलोक सिंह पुत्र तीरथ सिंह और रंजीत सिंह पुत्र मिर्चा सिंह को रोहिणी दिल्ली क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने चोरी की गई चार सफेद धातु के छत्र पंजाबी बाग दिल्ली निवासी सुनार त्रिलोक सिंह को बेचे थे। पुलिस ने सुनार त्रिलोक सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया। वहीं आरोपियों की निशानदेही पर रेलवे स्टेशन रुद्रपुर के पीछे की झाड़ियों से चोरी की चांदी की बांसुरी दो टुकड़ों में बरामद की गई। एसएसपी ने बताया कि पकड़े गये त्रिलोक सिंह और रंजीत सिंह का आपराधिक इतिहास रहा है। एसएसपी ने पुलिस टीम को 1500 रुपये इनाम देने की घोषणा की है।



## धूमधाम से मनाया हरेला पर्व

गूलरभोज(उद संवाददाता)।नगर पंचायत के कन्या प्राथमिक स्कूल गूलरभोज में हरेला पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया जिसमें पूर्व शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे ने पौधारोपण करके शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की है हम सभी को वृक्ष लगाने चाहिए। इस अवसर पर चेयरपर्सन अनीता दुबे, अधिशासी अधिकारी आशीष नेगी, कुंदन लाल कौशिक, तरुण दुबे, संजीव भटेजा, महिपाल सिंह कोश्यारी, आनंद सिंह पानू, रमेश सागर, सतीश चुघ, बाबूराम, अमित कुमार गुप्ता, कृष्ण अधिकारी, सुनील सागर, प्रेम सागर, शेषनारायण शुक्ला, इंदिरा गढ़िया, प्रेमलता विमल आदि उपस्थित थे।



## पेज एक का शेष...

**आतंकियों से मुठभेड़ में ...**अजय सिंह शहीद हो गये। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी से बात की। सेना प्रमुख ने रक्षा मंत्री को जम्मू-कश्मीर के डोडा में जमीनी हालात और चल रहे ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट किया, डोडा (जम्मू-कश्मीर) में आतंकवाद विरोधी अभियान में हमारे बहादुर और साहसी भारतीय सेना के जवानों के शहीद होने पर मुझे गहरा दुख हुआ है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। राष्ट्र हमारे उन सैनिकों के परिवारों के साथ मजबूती से खड़ा है जिन्होंने कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। आतंकवाद विरोधी अभियान जारी हैं और हमारे सैनिक आतंकवाद के अभिशाप को खत्म करने और क्षेत्र में शांति और व्यवस्था बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वहीं सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और भारतीय सेना के सभी रैंक के अधिकारियों ने डोडा में बलिदान हुए वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। सेना ने अपने संदेश में कहा कैप्टन बृजेश थापा, नायक डी राजेश, सिपाही बिजेंद्र और सिपाही अजय के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं, जिन्होंने क्षेत्र में शांति सुनिश्चित करने के लिए डोडा में आतंकवाद विरोधी अभियान चलाते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। भारतीय सेना इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ी है।

**हरेला पर्व पर पर्यावरण..**नर्सरियां भी तैयार करें। विधायक किच्छा तिलक राज बेहड़ ने कहा कि हरेला पर्व जीवन व पर्यावरण से जुड़ा हुआ है। उन्होने कहा कि पेड़ नही तो जीवन नही इसलिए हम सभी को पौधे लगाने चाहिए व उनका संरक्षण भी करना चाहिए। उन्होने सभी लोगों से अपने घरों व अधिकारियों व कर्मचारियों से अपने कार्यालय परिसर में पौधा रोपण करने की अपील की। उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 मन्जुनाथ टीसी, प्रभागीय वनाधिकारी उमेश चन्द्र तिवारी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने भी सम्बोधित करते हुए हरेले की बधाई दी।इस दौरान कलेक्ट्रेट प्रभारी गौरव पाण्डे, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, डीडीएमओ उमा शंकर नेगी, मुख्य कोषाधिकारी पंकज शुक्ल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 मनोज शर्मा, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ ए के वर्मा, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**विवाहिता की मौत के ...**पुत्री के दवाई खाने की जानकारी देते हुये कहा कि उसकी पुत्री की मौत हो गई है। आरोप है कि जब लड़की के ससुराल पहुंचे तो उसकी पुत्री को चारपाई पर लेटा रखा था। जहां से उसे सरकारी अस्पताल ले गए,जहां डाक्टरों ने उसे खटीमा रैफर कर दिया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तहरीर में आरोप है कि उसकी पुत्री मंजीत के साथ मारपीट कर उसकी हत्या कर उसके शव को घर के फर्स पर डालकर करीब 11 बजें उसकी वीडियों बनाकर उसके पुत्र मंजीत सिंह के मोबाईल पर भेजी जिसमें उसका दामाद बोल रहा है कि उसकी पुत्री मंजीत कौर की मौत हो गई है। आरोप है कि उसकी पुत्री की योजना बनाकर हत्या की गई है। क्योंकि पुत्री की मौत के कई घंटे बाद उन्हें जानकारी दी गई। तहरीर में आरोप है कि उसकी पुत्री की हत्या कर आत्महत्या दिखाने का प्रयास किया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार भारतीया न्याय संहिता की धारा 80 ए के तहत पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गुरु नानक इंटर कॉलेज में किया वृक्षारोपण

नानकमत्ता(उद संवाददाता)।गुरु नानक इंटर कॉलेज नानकमत्ता साहिब में हरेला पर्व वृक्षारोपण किया गया। विद्यालय के इको क्लब के सदस्यों द्वारा विभिन्न प्रकार के पौधे लगाये गए। इस मौके पर प्रधानाचार्य तरसेम सिंह ने पौधों को लगाने के फायदे बताते हुए कहा कि पर्यावरण के लिए वृक्षारोपण करना आवश्यक है, वृक्षारोपण से जहां विद्यालय परिसर हरा-भरा दिखेगा वहीं हमें ताजी और शुद्ध हवा का अनुभव मिलेगा, इस मौके पर संपूर्ण सिंह हरपाल सिंह डॉक्टर प्रशांत विश्वास, सिमरजीत कौर कविता वर्मा आदि शिक्षक मौजूद रहे।



## न्यू रिलायंस पब्लिक स्कूल में लगाये पौधे

गदरपुर(उद संवाददाता)। पर्यावरण संरक्षण का पर्व हरेला पर्व पर न्यू रिलायंस पब्लिक स्कूल परिसर में प्रबंधक/प्रधानाचार्य सलविंदर सिंह कलसी के आह्वान पर वृहद पौधारोपण करते हुए उनके संरक्षण करने के लिए संकल्प किया गया । हरेला पर्व के उपलक्ष्य में स्कूल परिसर में पौधा रोपण से पूर्व सफाई अभियान चलाया गया । प्रधानाचार्य सलविंदर सिंह कलसी ने हरेला पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा, वृक्षों का पर्यावरण के संरक्षण एवं हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण योगदान हैघ् स्कूल परिसर में दर्जनों फलदार एवं छायादार कई पौधे रोपकर उनके पालन पोषण के लिए नियम बनाए गए । इस मौके पर रिचा चावला,सुनैना चावला,रूकसीन, रेनू ,मुस्कान, आशिया, भगवंत,हिमांशी कक्कड़ अन्ना एवं खदीजा आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।



**मकान पर चट्टान...**रहा था। जैसे ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ, मलबे में दबे मजदूर के ऊपर से पहाड़ी का एक हिस्सा टूट कर गिरने लगा गया। अचानक घटना के चलते मजदूर और रेस्क्यू टीम के ऊपर पत्थर गिरने लगे। एसडीआरएफ के कांस्टेबल प्रदीप लसियाल और कांस्टेबल शेखर नगरकोटी ने सूझबूझ दिखाते हुए पास में स्थित जेसीबी का सहारा लेकर पत्थरों को गिरने से रोका। इससे न केवल मजदूर की जान बचाई बल्कि रेस्क्यू टीम को भी सुरक्षित रखा। इसके बाद टीम ने भारी बारिश के बीच त्वरित कार्रवाई करते हुए मलबे को हटाया और नेपाल निवासी दिनेश नामक मजदूर को घायल अवस्था में निकालकर अस्पताल भेजा। दूसरे मजदूर गम बहादुर निवासी नेपाल की मौत हो चुकी थी। उसका शव निकालकर पुलिस के सुपुर्द किया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन में उप निरीक्षक आशीष तोपवाल, अपर उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह,आरक्षी प्रमोद मठपाल, आरक्षी शेखर नगरकोटी, आरक्षी प्रदीप लसियाल और पैरामेडिक्स कमल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**ब्याज सहित रकम...**प्रकाश का कहना है उसने ब्याज सहित अस्सी हजार रूपये एक ही बार में वापिस कर दिये थे। अपने दोनो चौक वापस मांगे तो उसने कहा चौक कही सुरक्षित रखें हैं जो मिल नहीं रहें हैं। ढूंढ़कर आपको वापस कर दूगा। किन्तु आज दिन तक उसने चौकों को वापस नही किया। प्रकाश का कहना है कि 11 जून 2024 को उसे एक मॉग नोटिस मिला जिसमे साहूकार द्वारा दोनों चेको के लिए 15लाख रुपए की नाजायज मांग की गयी और रूपये अदा न करने पर न्यायालय में मुकदमा योजित करने की बात कही गयी हैं। जिस कारण वह मानसिक रूप से काफी परेशान हैं।

**आपदा के धन का ..**में रमेश चंद्र जोशी के अलावा नगर मंडल अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, जिला महामंत्री सतीश गोयल, जिला कार्यकारिणी सदस्य राहुल सक्सेना, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष नवीन भट्ट, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सतीश भट्ट आदि उपस्थित थे।

**दो भाईयों को ..**उसके दूसरे पुत्र जैकी को पता चला। तब जैकी अपने काम से घर आ रहा था। तब उक्त व्यक्तियो ने जैकी को रास्ते में दौड़ा दौड़ाकर लालपुर तक पीछा किया और उसे बहुत मारा।जिससे राहुल व जैकी दोनो बुरी तरह से घायल हो गए हैं।


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम सुरेश कुमार (SURESH KUMAR) था, अब मैंने अपना नाम बदलकर सुरेश कुमार जैन (SURESH KUMAR JAIN) रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम सुरेश कुमार जैन (SURESH KUMAR JAIN) से ही जाना व पहचाना जाए।

सुरेश कुमार जैन पुत्र श्री महावीर प्रसाद,निवासी-वार्ड नं.7, किच्छा रोड,रामपुरा, सितारगंज उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक-परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# उजड़े लोगों को जगह मिलने की जगी उम्मीद

## उजड़े लोगों की वेदना सुन जिलाधिकारी ने तहसीलदार को भूमि सर्वे के दिये, मलबा देने का भी दिया निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। काशीपुर रोड स्थित भगवानपुर कोलडिया के लोगों को कोर्ट के आदेश पर उजाड़े जाने के बाद आज पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में उजाड़े गये लोगों ने डीएम उदयराज सिंह से मुलाकात कर अपना दुख-दर्द सुनाया। लोगों को रोता-बिलखता देख जिलाधिकारी उदय राज सिंह का दिल पसीज गया और उन्होंने तत्काल तहसीलदार को ग्राम सभा की रिक्त भूमि का सर्वे करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता को दूरभाष पर तत्काल ग्रामीणों का मलबा भी देने हेतु निर्देशित किया। कोर्ट के आदेश पर हटाए गए 46 परिवारों के लोगों के साथ डीएम से मुलाकात के दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि सभी हटाए गए लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भवन उपलब्ध कराए जाएं। बारिश के दौरान बेघर हुए लोगों के रहने की वैकल्पिक व्यवस्था हो, लोगों के सामने जीवन यापन का संकट खड़ा हो गया है। बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए सभी के भोजन की व्यवस्था



भी की जाए। प्रशासन द्वारा जब्त किये जा रहे मकानों के मलवे पर रोक लगाई जाए। उजाड़े गये लोगों का दर्द सुन डीएम उदयराज सिंह गंभीर हो गये और उन्होंने तहसीलदार को ग्राम सभा की रिक्त भूमि का सर्वे करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता ओमपाल सिंह को फोन कर ग्रामीणों का मलबा भी उन्हे देने को निर्देश किया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन और सरकार सभी लोगों के साथ खड़ी हुई, किसी को भूखा नहीं सोने दिया जायेगा। रहने की वैकल्पिक व्यवस्था होगी। सभी लोगों की बात सुनकर भरोसा दिया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान दिलाये जाने के प्रयास किये जायेंगे। श्री ठुकराल के साथ जिलाधिकारी से मिलने वालों में विश्वामित्र गौड, रामाशंकर जाटव, हरे राम, विजय साहनी, विनोद साहनी, अमरनाथ गौड़, राधेश्याम गौड़, मुन्ना गौड़, रमेश जाटव, सुरेश, रिंकू जाटव, दिनेश साहनी, सुनील जाटव, श्रीनिवास जाटव, जय प्रकाश, सतीश, कतवारू, मालती गौड़, बेबी गौड़, संजू, शान्ति देवी, वन्दना देवी, गुजा गौड़, आरती रानी, सीता देवी, सुनीता साहनी, पुष्पा देवी, पानवति देवी, रामावति, नेहा, इन्दिरा देवी, फूलमति दवी, नेहा, अम्बिका देवी, प्राची, सुरेन्द्र सिंह, विशाल मेहरा आदि शामिल थे।

## अवैध शराब का जखीरा पकड़ा, महिला गिरफ्तार



रामनगर(उद संवाददाता)। सोमवार को रामनगर विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मालधन चौड क्षेत्र में तुमाडिया डाम इलाके में आबकारी विभाग द्वारा अवैध कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए भारी मात्रा में कच्ची शराब बराबर करने के साथ हजारों लीटर लहन भी नष्ट किया गया इस संबंध में जानकारी देते हुए आबकारी निरीक्षक उमेश पाल ने बताया कि अभियान के तहत इस क्षेत्र में जंगल में अवैध रूप से चल रही थी शराब की भट्टियो को तोडते हुए मौके पर शराब बनाने के उपकरण बरामद किए गए तथा पांच हजार लीटर से अधिक लहन मौके पर नष्ट क्या गया जबकि शराब तस्कर मौके से फरार हो गए इस संबंध में अज्ञात शराब के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया इसके साथ ही टीम है आसपास के बंद घरों में तलाशी लेने के बाद एक घर के अंदर एक महिला शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उसके घर से 200 लीटर से अधिक उन्होंने बताया कि इस महिला के खिलाफ भी आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है तथा अवैध शराब के खिलाफ विभाग का यह अभियान लगातार जारी रखने की बात भी कही है।

## शैल सांस्कृतिक समिति ने धूमधाम से मनाया हरेला पर्व

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शैल सांस्कृतिक समिति (शैल परिषद) द्वारा गंगापुर रोड शेल भवन में उत्तराखंड के लोक पर्व ष्हरेलाष्बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला जज उधम सिंह नगर सिकंद कुमार त्यागी, पूर्व विधायक राज कुमार ठुकराल, अपर जिला जज मीना देउपा, मुकेश कुमार, संगीता आर्य, सिविल जज हेमंत राणा, विवेक राणा, योगेंद्र सागर आदि ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए शैल सांस्कृतिक समिति के महासचिव एवं जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट दिवाकर पांडे ने कहा कि रुद्रपुर जिला मुख्यालय मे सिडकुल विकसित होने के कारण विभिन्न प्रदेशों से विभिन्न जाति और धर्म के नागरिकों का रुद्रपुर में पदार्पण हुआ है, चूंकि उनको रुद्रपुर की संस्कृति से जोड़ते हुए एवं व्यापक पौधारोपण करते हुए हरेला एवं पर्यावरण के महत्व को बताना चाहिए। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिकंद कुमार त्यागी ने कहा कि हरेला पर्व उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत है और हमें अपने त्योहारों के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में पौधारोपण करते हुए सामाजिक सामंजस्य बनाना चाहिए। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि हरेला पर्व एक-दूसरे को समझने का एवं इसने आमंत्रण करने का त्यौहार है। हमें अपनी पर्वतीय संस्कृति एवं हरेला पर्व की महत्ता को आम जनमानस के मानसिक पटल पर पहुंचना चाहिए। इस धरा को हरा भरा करने में शैल परिषद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है जिसका निर्वहन शैल परिषद के सभी सदस्य करते हैं। इस वर्ष भी संस्था के सभी सदस्यों ने 1100 पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर शैल सांस्कृतिक समिति(शैल परिषद)के अध्यक्ष गोपाल पटवाल, महामंत्री दिवाकर पांडे, एलएम उप्रेती, डीके दनाई, राजेंद्र बोरा, दिनेश बम, धीरज पांडे, हरीश दनाई, मोहन उपाध्याय, सतीश लोहनी, मनोज जोशी, महेश कांडपाल, डीसी पंत, सीबी घिल्डियाल, दान सिंह मेहरा, देवेंद्र सिंह मेहरा, गगन कांडपाल आदि थे।



## कैनाल कालोनी में लगाये पचास छायादार पौधे

रुद्रपुर(उद संवाददा) आओ पौधे लगाए, धरा को हरा भरा बनाए अभियान के बीच रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन ने कैनाल कालोनी में करीब 50 छायादार पौध रोप कर हरेला पर्व मनाया। इतना ही नहीं इन पौधों के संरक्षण का जिम्मा भी लिया। फाउंडेशन ने इस अवसर पर नीम, हर सिंगार, पीलाकनेर, एलएसटोनिया, सीजलपीनिया, अमलताश, पीपल, शमी के पौधे लगाए। राइजिंग अध्यक्ष विजय आहूजा ने कहा कि हरेला पर्व वास्तव में हरियाली, शांति और समृद्धि का प्रतीक है, साथ ही यह लोक पर्व हमें अपने पर्यावरण को संरक्षित रखने का संदेश भी देता है ।और यह तभी संभव हो सकता है जब आमजन अधिक से अधिक पौधारोपण करते हुए उनको संरक्षित करने का संकल्प ले। उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्रकृति पर्व हरेला ष्पर्यावरण की रखवाली घर-घर हरियाली लाए समृद्धि और खुशहालीष थीम के साथ मनाया जा रहा है जिसका असर बखूबी देखने को मिल रहा है। इस मौके पर आलोक जैन, पी के मौर्य, सुनील आर्य, हिमांशु कुशवाह, अरुण चुघ, मोहन राम, राजीव जल्होत्रा, अवनीश राय, ओंकार सिंह ढिल्लो, दीपक अग्रवाल, चंद्र कला राय, अनुपमा सिंह, पिंकी तिवारी, मीनू जोशी, सोनम सिंह, मनन अग्रवाल, आशी जोशी, अजय कुमार सिंह, संजय शर्मा योगेश कुमार ततराड़ी, मोहित कुमार, डाक्टर सुभाष यादव, विकास चोपड़ा, माधव कुशवाह, हिमांक, देवराज सिंह, तेजस ढिल्लो आदि मौजूद थे।



## लोनिवि परिसर में पौधे रोपकर मनाया हरेला पर्व

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हरेला पर्व पर यहां लोक निर्माण विभाग परिसर में अधीक्षण अभियंता इं. हरीश कुमार के नेतृत्व में समस्त अधिकारी कर्मचारियों द्वारा निरीक्षण भवन एवं कार्यालय परिसर में लगभग 50 पौधों का पौधारोपण किया गया। अधीक्षण अभियंता इं. हरीश कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि इस वर्ष लोक निर्माण विभाग द्वारा जनपद उधम सिंह नगर में अपने मार्गों के



किनारे 5000 पेड़ लगाना लक्षित है। उन्होंने कहा कि वर्तमान भौगोलिक परिस्थितियों में जिस प्रकार ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है उसमें हमें अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाकर अपने पर्यावरण को संरक्षित करना चाहिए। इस अवसर पर इं राजेंद्र प्रसाद, इं. योगेश ततराड़ी, इं. कौशल कुमार अनिल कुमार, सुलक्षणा शाह, भूमिका भाटिया, तेज सिंह मेहरा, पान सिंह, कमल गैड़ा, इस्लाम, संजय, अमरुद्दीन सहित कई अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## हरेला पर्व पर गोष्ठी आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर द्वारा हरेला पर्व पर प्राधिकरण कार्यालय के समक्ष पौधारोपण कर गोष्ठी आयोजित की गई। प्राधिकरण के सचिव सिविल जज सीनियर डिविजन योगेंद्र कुमार सागर ने बताया कि आज प्रात: उत्तराखंड के लोक पर्व हरेला के शुभ अवसर में जिला न्यायालय मुख्यालय परिसर में जिला जज अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिकंद कुमार त्यागी की अध्यक्षता व जिला बार एसोसिएशन उधम सिंह नगर के अध्यक्ष दिवाकर पांडे की उपस्थिति में स्वच्छता एवम श्रमदान तथा वृक्षारोपण अभियान चलाया गया तथा हरेला पर्व पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मे आयोजित कार्यक्रम में जिला जज एवम बार के अध्यक्ष के द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए। इस अवसर पर द्वितीय अपर जिला जज मीना देऊपा, तृतीय जिला अपर जज मुकेश कुमार आर्या, अपर जिला जज एफटीएससी द्वितीय संगीता रानी, सिविल जज सीनियर डिविजन हेमंत सिंह राणा, सिविल जज जूनियर डिविजन विवेक कुमार राणा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का समस्त ऑफिशियल स्टाफ व डिफेंस काउंसिल इत्यादि उपस्थित रहे।



## सांड़ से टकराने के बाद स्कूटी सवार युवक वाहन की चपेट में आने से मौत

हल्द्वानी। हल्द्वानी में लावारिस जानवरों के कारण महीने में करीब एक से दो लोगों की जान जा रही है। रविवार रात को सांड से टकराने से एक स्कूटी सवार युवक सड़क पर गिर गया। इस बीच पीछे से आ रहे एक वाहन ने उसे कुचल दिया। घायल अवस्था में 108 एंबुलेंस के माध्यम से उसे सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार रविवार रात नौ बजे शांतिपुरी नंबर दो वीरेंद्र सिंह (33) अपनी बाइक से लालकुआं को आ रहे थे। लालकुआं के पास वह सांड़ से टकरा गए। इसके बाद पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस से उन्हें अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने वीरेंद्र को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आधार कार्ड से परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं गरमपानी में खैरना-गरमपानी बाजार में लावारिस जानवरों के आतंक से लोग परेशान हैं। बीते दिनों सांड़ के हमले में घायल बुजुर्ग की जान चली गई थी। एसडीएम वीसी पंत के निर्देश पर सोमवार को राजस्व विभाग, नगर पालिका और पशुपालन की टीम ने सांड़ को पकड़कर बाजपुर स्थित गोशाला भिजवाया। ग्राम प्रधान त्रिभुवन पाठक ने बाजार क्षेत्र में घूम रहे लावारिस जानवरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग हैं। इस दौरान राजस्व उपनिरीक्षक विजय नेगी, गोविंद सिंह, सुमित कुमार आदि मौजूद रहे।

## चोरी के खुलासे पर थानाध्यक्ष चौहान को किया सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर में कुछ दिन पूर्व नवीन सनातन धर्म मंदिर में अज्ञात चोरों द्वारा एक बड़ी चोरी को अंजाम दिया गया था जिसमे मंदिर में भगवान के मुकुट बांसुरी व छतर को चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया।जिसको लेकर थानाध्यक्ष जसवीर चौहान ने तत्परता के साथ दिल्ली से चोरों को पकड़कर सलाखों के पीछे भेजने का काम किया है जिसको लेकर नगर के व्यापारियों द्वारा थाना गदरपुर पहुँचकर थानाध्यक्ष जसवीर चौहान एवं पूरी पुलिस टीम को बधाई दी एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। व्यापारियों ने कहा उन्हें थानाध्यक्ष जसवीर चौहान की कार्यशैली पर पूरा भरोसा था कि जल्द ही इतनी बड़ी चोरी का खुलासा होगा।और उन्होंने चोरों को उनकी उम्मीद से पहले पकड़ कर उत्तराखंड पुलिस का नाम रोशन किया है वह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने पूरी टीम को बधाई दी है। इस दौरान गौरव भुड्डी, नितिन छाबड़ा, सोनू कुमार, रोमिल गाबा, सोनू पोपली, विनोद चुघ, पारस धवन, सुरेश चुघ, अनिल मुरादिया, दीपक हुडिया, राकेश गुंबर, विनय कोचर, हिमांशु गगनेजा, सुरेश चुघ, डाव गंभीर सहित आदि व्यापारी मौजूद रहे।

